RNI NO. RAJHIN/2013/57419

राजस्थान का सर्वाधिक ई-पेपर दैनिक

# द पुलिस पोस्ट

आंदोलन नही अखबार

जयपुर
सोमवार
04/नवम्बर/2024

वर्ष: 10: अंक: 179

जयपुर, जैसलमेर, भीलवाड़ा से प्रसारित

दूरभाष: 01482: 455184: पृष्ठ: 08: मूल्य: 1.50 रुपए

न्यूज इनबॉक्स

## भारत तीसरा टेस्ट मैच भी हारा

द पुलिस पोस्ट

**मुंबई(एजेंसी)।** भले ही दीपावली पर्व भारत में खुशियां मनाई गई लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के लिए यह बहुत बुरा दौर चल रहा है। लगातार तीसरा टेस्ट मैच भारतीय टीम हार गई है। न्यूजीलैंड ने भारत को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हरा दिया है। कीवियों ने बंगलूरू में पहला टेस्ट आठ विकेट से जीता था। इसके बाद पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड की टीम ने 113 रन से जीत हासिल की थी। अब मुंबई में तीसरे टेस्ट को कीवी टीम ने 25 रन से अपने नाम किया। लगातार तीन हार ने टीम इंडिया की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राह बेहद मुश्किल कर दी है। अब भारत को फाइनल से पहले सिर्फ ऑस्ट्रेलिया से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भिड़ना है। हालांकि, टीम इंडिया को यह सीरीज कंगारुओं के घर पर खेलनी है। फाइनल के लिए भारतीय टीम को श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने की उम्मीद है।

## महाराष्ट्र में एमवीए सत्ता में आई तो गिर जाएगी केंद्र की मोदी सरकार!

**मुंबई(एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच एनसीपी नेता ने एक अजीबो गरीब दावा किया है कि यदि महाराष्ट्र में एमवीए की सरकार बनी तो केंद्र की मोदी सरकार गिर जाएगी। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और उसके परिणामों से पहले एनसीपी (सपा) नेता जितेंद्र आव्हाड ने दावा किया है कि अगर महाराष्ट्र में एमवीए सत्ता में आती है तो जेडी(यू) के नीतीश कुमार और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से अपना समर्थन वापस ले लेंगे। मुंब्रा-कलवा विधानसभा क्षेत्र के मौजूदा विधायक जितेंद्र आव्हाड ने राज्य की वित्तीय अस्थिरता को लेकर एकनाथ शिंदे सरकार पर निशाना साधा और भाजपा और आरएसएस पर देश में शांति भंग करने की कोशिश करने का आरोप भी लगाया है। शनिवार को ठाणे के पास मुंब्रा में एक रैली में उन्होंने दावा किया कि अगर 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद विपक्षी दल महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार बनाती है तो केंद्र में भाजपा के सहयोगी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू

### - 32 मेजर मिनरल ब्लॉक्स नीलामी कर बनाया नया रिकॉर्ड

# अवैध खनन पर भजनलाल सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति से राजस्थान देशभर में अव्वल

द पुलिस पोस्ट



**जयपुर।** मुख्यमंत्री व खान मंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान ने मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में समूचे देश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। राजस्थान के माइंस व भूविज्ञान विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में अक्टूबर माह तक भारत सरकार के ई पोर्टल के माध्यम से 32 मेजर मिनरल ब्लॉकों का सफल ऑक्शन कर नया रिकॉर्ड बना लिया है। प्रमुख शासन सचिव माइंस व पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस की नीति रही हैं और वैध खनन को ब?ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से मेजर मिनरल ब्लॉक्स तैयार कर पारदर्शी तरीके से भारत सरकार के ई पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी पर जोर रहा है। राजस्थान में पहली बार दो सोने की खान में से एक की माइनिंग लीज व एक की कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी हुई है।

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि खान मंत्रालय से जारी प्रगति रिपोर्ट के अनुसार इस वित्तीय वर्ष में राजस्थान में 32 मेजर मिनरल ब्लॉकों की सफल नीलामी हो चुकी है जो समूचे देश में सर्वाधिक है। नए प्रावधानों के बाद देश भर में अब तक 419 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी हुई है। जिसमें से राजस्थान में सर्वाधिक 86 मेजर मिनरल ब्लाकों की नीलामी हुई है वहीं मध्यप्रदेश में 75, ओडिशा में 48, कर्नाटक में 45 और महाराष्ट्र में 40 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी हुई है। केन्द्र सरकार ने पहली बार स्वयं के स्तर से भी ि टिकल मिनरल ब्लॉकों की नीलामी शुरु की है और 14 ब्लॉकों की नीलामी की है। राजस्थान सहित देश के खनिज उत्पादक प्रमुख प्रदेशों में मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी जारी है। रविकान्त ने बताया कि केंद्र सरकार का भी मेजर मिनरल्स के ब्लॉकों की नीलामी पर जोर रहा है और राज्यों को अधिक से अधिक मिनरल ब्लॉक तैयार कर ऑक्शन करने और उसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि देश में राजस्थान सहित 12 प्रदेशों व केन्द्र सरकार की ओर बढ़ मेजर मिनरल ब्लॉक्स की तैयारी व ऑक्शन की नियमित समीक्षा की जाती है। मुख्यमंत्री ने अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश के साथ ही अधिक से अधिक ब्लॉक तैयार कर नीलामी पर जोर दिया ताकि वैध खनन को ब?ावा दिया जा सके। इसी ₹ म में राजस्थान ने मेजर मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी का रोडमैप तैयार कर नीलामी की जा रही है। टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य में इस वित्तीय वर्ष में 32 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी हो चुकी है जिसमें से लाइमस्टोन के 22 ब्लॉकों व गोल्ड के एक ब्लॉक की माइनिंग लीज के लिए नीलामी हुई है वहीं आयरन ओर के 5 ब्लाकों की कंपोजिट लाइसेंस व गोल्ड के एक ब्लॉक और बेसमेटल व एसोसिएटेड मिनरल्स के 3 ब्लॉकों की कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी हो चुकी है।

## भारत में घटी टीबी मरीजों की संख्या

द पुलिस पोस्ट



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बढ़ती बीमारियों के बीच भारत के लिए एक सुखद ख़बर है। भारत में तपेदिक (टीबी) के मरीजों की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। यह दावा हुआ है विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट से। इस रिपोर्ट को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट भी किया। इस बीमारी के खिलाफ भारत की प्रगति को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने भी अहम संदेश दिया है। नड्डा ने डब्ल्यूएचओ की ओर से टीबी सं₹ मण के खिलाफ भारत की लड़ाई पर जारी एक रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्र सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। उन्होंने आंकड़ों का जि₹ करते हुए कहा कि डब्ल्यूएचओ ने 2015 से 2023 तक टीबी की घटनाओं में 17.7 फीसदी की गिरावट की बात कही है और इस बीमारी से लड़ाई में भारत की जबरदस्त प्रगति को मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि भारत में टीबी के केस कम होने की दर, वैश्विक गिरावट की 8.3 फीसदी की दर के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है।

नड्डा ने टीबी के खिलाफ सरकार की योजनाओं का जि₹ करते हुए कहा कि टीबी मरीजों को आवश्यक पोषण संबंधी सहायता मुहैया कराई जा रही है और कई तरह की दवाओं के खिलाफ प्रतिरोधी क्षमता बढ़ा चुके टीबी के इलाज के लिए भी दवा देने का नया तरीका लाया गया है। उन्होंने टीबी के मामले कम होने पर स्वास्थ्य मंत्रालय और स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई दी। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिि या देते हुए एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, "सराहनीय प्रगति! टीबी के मामलों में कमी आना भारत के समर्पित और अभिनव प्रयासों का परिणाम है। एक सामूहिक भावना के माध्यम से, हम टीबी मुक्त भारत की दिशा में काम करते रहेंगे।

## भाजपा की सरकार बनी तो लागू होगी यूसीसी : शाह

**रांची(एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वादा किया है कि अगर झारखंड में भाजपा की सरकार बनती है तो राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। हालांकि, आदिवासियों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाएगा। शाह ने एलान किया कि अपने घरो को छोड़ने के लिए मजबूर होने वाले लोगों के लिए एक विस्थापन आयोग बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके जरिए उद्योगों और खनन के कारण विस्थापित लोगों को बसाने के इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, "हमारी सरकार राज्य में समान नागरिक संहिता लाएगी, लेकिन आदिवासियों को इससे बाहर रखा जाएगा। हेमंत सोरेन और झामुमो सरकार यूसीसी को लेकर झूठ फैला रहे हैं कि इससे आदिवासियों के अधिकारों, संस्कृति पर असर पड़ेगा, जो कि पूरी तरह निराधार है। आदिवासी पूरी तरह से इसके दायरे से ही बाहर रहेंगे। शाह ने वादा किया कि अगर भाजपा झारखंड में सरकार बनाती है तो वह सरना धार्मिक कोड के मुद्दे पर भी विचार करेंगे और इस पर जरूरी फैसला लिया जाएगा। शाह ने कहा कि भाजपा सत्ता में आने पर 5 लाख रोजगार पैदा करेगी। इनमें 2.87 लाख सरकारी नौकरी होंगी।

## खींवसर में भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने झोंकी ताकत

### - कड़ी से कड़ी जोड़ने के लिए किया कमल खिलाने का आह्वान

द पुलिस पोस्ट






**जयपुर(कास)।** प्रदेश में उप चुनाव को लेकर भाजपा कमर कस चुकी है। खींवसर में जीत के लिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसके मद्देनजर प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी खींवसर पहुंची और भाजपा प्रत्याशी रेवतराम डांगा के पक्ष में प्रचार किया। बता दें कि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को खींवसर उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी का जिता कर कमल खिलाने का आह्वान किया हैं। उन्होंने खींवसर में दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उक्त उदगार व्यक्त किए। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में अब डबल इंजन की सरकार है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकास की कड़ी से कड़ी जुड़ चुकी है औऱ अब खींवसर की कड़ी भी जोड़ने का समय आ गया है। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, सुरेश रावत, राज्य मंत्री मंजू बाघामार और विजय सिंह चौधरी, विधायक केसाराम चौधरी, अतुल भंसाली, आदूराम मेघवाल, भाजपा प्रत्याशी रेवतराम डाँगा, नागौर जिला अध्यक्ष रामनिवास सांखला और प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी भी उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी रेवतराम डाँगा के समर्थन में अपील करते हुए कहा कि यह बहुत ज़रूरी है कि खींवसर में भी ऐसा विधायक बने कि जनता के सारे काम तुरंत हो और खींवसर किसी भी मायने में पीछे नही रह जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा का विधायक बनना बहुत जरूरी है और आप मतदाता के रूप मे भाजपा को अपना समर्थन दे। दीया कुमारी ने मातृशक्ति से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि वे नवम्बर 13 को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान सुनिश्चित करे। उपमुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को दीपावली और भाई दूज की शुभकामनाएँ भी प्रेषित की।

### राइजिंग राजस्थान को लेकर भजनलाल सरकार उत्साहित

# निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उद्योग मंत्री के.के. विश्नोई सऊदी अरब दौरे पर रवाना

द पुलिस पोस्ट



**जयपुर(कास)।** राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत विदेशी निवेशकों, कॉरपोरेट जगत और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने के लिए उद्योग व वाणिज्य राज्यमंत्री के.के विश्नोई के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब के दौरे पर रवाना हुआ है। अपनी तीन दिवसीय यात्रा में यह प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रियाद में आयोजित इन्वेस्टर मीट में हिस्सा लेगा और सऊदी अरब सरकार के अधिकारियों एवं वहां के सार्वजनिक और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों और व्यापार और व्यवसाय से जुड़े अन्य स्टेकहोल्डर्स से मुलाकात करेगा। इसमें सऊदी अरब के सहायक निवेश मंत्री इंजी. इब्राहिम युसेफ अल मुबारक से होने वाली मुलाकात शामिल है, जिसके दौरान सउदी अरब को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के 'पार्टनर कंट्री' के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। सऊदी अरब के दौरे पर जा रहे राज्य सरकार के इस प्रतिनिधिमंडल में, राज्य मंत्री विश्नोई के अलावा, राजस्थान सरकार के वित्त (व्यय) विभाग के सचिव नवीन जैन, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव संदेश नायक, डीएमआईसी के अतिरिक्त आयुक्त नवनीत कुमार और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। प्रदेश के इंजीनियरिंग, कंस्ट्रक्शन, मशीनरी, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि समाधान, एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूशन और इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी जैसे क्षेत्रों में सऊदी अरब से निवेश लाने के उद्देश्य से यह प्रतिनिधिमंडल अलफनार प्रोजेक्ट्स, एसएबीआईसी, एसईडीसीओ कैपिटल, अल मुहाइदीब ग्रूप, जेद्दा चैंबर, बिनज़ागर ग्रुप, बसम ग्रूप और अब्दुल्ला हाशिम कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ बातचीत करेगा और उन्हें राजस्थान के व्यापारिक माहौल को निवेश अनुकूल बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देगा। इसके अलावा, इस दौरान उद्योग व वाणिज्य राज्य मंत्री विश्नोई सऊदी अरब में भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान के साथ रियाद में आयोजित इंडिया फूड फेस्टिवल का संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, यह प्रतिनिधिमंडल सऊदी बिल्ड में इंडिया पैवेलियन के उद्घाटन समारोह, जिसे फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन की अगुवाई में आयोजित किया जा रहा है, में भी भाग लेगा। साथ-ही-साथ, यह प्रतिनिधिमंडल जेद्दाह में मौजूद एक पुरातात्विक स्थल ओल्ड बलद का दौरा करेगा और उनके व राजस्थान स्थित ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों के बीच साझेदारी के अवसरों की भी तलाश करेगा।

अपने सऊदी अरब प्रवास के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल भारतीय मूल के लोगों और अप्रवासी राजस्थानी समुदाय के लोगों, जिन्होंने वहां नाम और प्रसिद्धि अर्जित की है और देश और राजस्थान को गौरवान्वित किया है, से भी मिलेगा और उन्हें अपनी जन्मभूमि से फिर से जुड़ने के लिए आमंत्रित करेगा।मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार बड़े पैमाने पर देशी और विदेशी निवेशकों, संस्थाओं और कॉरपोरेट जगत के शीर्ष अधिकारियों से लगातार बैठकें कर रही हैं, ताकि आने वाले समय में प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश हो सके और 'विकसित राजस्थान' के लक्ष्य को पूरा करने की ओर बढ़ा जा सके। इसके तहत पिछले कुछ महीनों में दिल्ली, मुंबई, सियोल (दक्षिण कोरिया), जापान के टोक्यो और ओसाका, संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और अबू धाबी, कतर की राजधानी दोहा, जर्मनी के म्यूनिख और ब्रिटेन की राजधानी लंदन में इस तरह के इन्वेस्टर रोड शो आयोजित किये जा चुके हैं, ताकि निवेशकों को राजस्थान से जुड़ने, प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने और उन्हें राज्य सरकार की ओर से बनाई गई निवेशक-अनुकूल नीतियों और अवसरों से अवगत कराया जा सके। इस व्यापक आउटरीच के परिणामस्वरूप राजस्थान सरकार को अब तक 18 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव (एमओयू) प्राप्त हुए हैं, जो राज्य सरकार के प्रयासों में निवेशक और व्यापार समुदाय के जबरदस्त विश्वास को दर्शाता है। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग व वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है। इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और अन्य सुविधाएँ मुहैय्या कराना है। इस ग्लोबल समिट के दौरान कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, ऑटो और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स), इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रो-केमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन और ईएसडीएम/आईटी और आईटीईएस सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष सत्र का आयोजन होगा। इन्वेस्टर रोड शो के सऊदी अरब चरण का आयोजन वहां मौजूद भारतीय दूतावास व फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से किया जा रहा है। फिक्की 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का इंडस्ट्री पार्टनर है। इसके अलावा पीडब्ल्यूसी इंडिया इस इन्वेस्टमेंट समिट का नॉलेज पार्टनर है।

## 22 घंटे बाद धरना समाप्त:

# कृषि मंत्री किरोड़ी लाल की मध्यस्थता से बनी मांगों पर सहमति,बाघ ने ली थी चरवाहे की जान

द पुलिस पोस्ट



**सवाई माधोपुर** टाइगर एक व्यक्ति को मार डालने के विरोध में चल रहा धरना ग्रामीणों ने 22 घंटे बाद खत्म कर दिया। सवाई माधोपुर में रणथंभौर नेशनल पार्क से सटे उलियाना गांव में टाइगर के एक व्यक्ति को मार डालने के मामले में ग्रामीण सड़क पर शव ट्रैक्टर ट्रॉली में रखकर 22 घंटे तक धरने पर बैठे रहे। जिसके बाद कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की मध्यस्थता से कई मांगों पर सहमति बनी है। आज सुबह 8 बजे ग्रामीण शव लेकर उलियाना गांव से गणेश धाम (रणथंभौर का एंट्री गेट) पर धरना देने के लिए निकले थे। पुलिस ने ग्रामीणों को गणेश धाम से ढाई किलोमीटर पहले जमूलखेड़ा मोड़ के पास रोक दिया। ग्रामीण वहीं धरने पर बैठ गए। इससे वहां जाम की स्थिति बन गई। वन अधिकारी, कोतवाली थाना और कुंडेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सभी अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। इस दौरान कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल धरना स्थल पर पहुंचे। कृषि मंत्री मीणा के समझाने पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

### इन मांगों पर बनी सहमति

प्रशासन के साथ मृतक के परिवार को 15 लाख रुपए मुआवजा देने पर सहमति बनी है। जिसमें दस लाख रुपए वन विभाग और प्रशासन व पांच लाख रुपए कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी मीणा की ओर से दिए जाएंगे। फोरेस्टर मंगल सिंह को हटाया जाएगा। मृतक के परिवार ने 50 लाख रुपए मुआवजे में मांगे थे। इसमें से 15 लाख रुपए पर सहमति बन गई है। इसमें से बचे 35 लाख रुपए के मुआवजे में से बचे 35 लाख, पांच बीघा जमीन और उउऋ DFO के खिलाफ कार्रवाई के लिए कलेक्टर प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजेंगे। वन विभाग की ओर से मृतक के परिवार के आश्रित को नेचर गाइड़ की नियुक्ति दी जाएगी। वहीं उउऋ अनूप केआर और ऊऋ रामानंद भास्कर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने तक दस दस ग्रामीण रोजाना धरना देंगे। शनिवार को सवाई माधोपुर में रणथम्भौर नेशनल पार्क से सटे उलियाना गांव में टाइगर ने एक व्यक्ति को मार डाला था। भरत लाल मीणा पुत्र रामकल्याण मीणा निवासी उलियाना रणथंभौर नेशनल पार्क की दीवार से सटे खेत में अपनी बकरियां चरा रहा था। शाम करीब साढ़े चार बजे टाइगर ने उस पर हमला कर दिया था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। टाइगर शव को लेकर करीब 20 मिनट तक बैठा रहा था। इसके बाद ग्रामीणों के शोर मचाने पर शव को छोड़कर जंगल में चला गया था। ग्रामीणों ने घटनाक्रम को लेकर वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी गई, लेकिन कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा थे। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने उलियाना गांव में सवाई माधोपुर-कुंडेरा रोड पर शाम 6 बजे शव रखकर जाम लगा दिया था। इसके बाद रविवार सुबह सभी ग्रामीण उलियाना गांव में सवाई माधोपुर-कुंडेरा रोड से शव लेकर गणेश धाम (रणथंभौर का एंट्री गेट) पर धरना देने के लिए निकले थे लेकिन पुलिस ने जमूलखेड़ा मोड़ के पास रोक दिया।

### मौके पर ही किया पोस्टमार्टम

*मौके पर रणथम्भौर के CCF अनूप के आर, जिला परिषद उएड हरिराम मीणा, रऊट रूपसिंह, अरढ रामसिंह कस्वां, उड सिटी उदय सिंह मीणा, उड ग्रामीण लाभूराम, कोतवाली थानाधिकारी राजवीर सिंह, कुंडेरा थानाधिकारी हरिमन ने ग्रामीणों को समझाया, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। जिसके बाद डॉ. किरोड़ी लाल मौके पर पहुंचे और विभिन्न मांगों पर सहमति बनी और मौके पर ही पोस्टमार्टम करावाकर शव परिजनों को सौंप दिया।*

### महीनों से इलाके में टाइगर का मूवमेंट

*ग्रामीण रामनारायण ने बताया- टाइगर पिछले तीन महीने में इस इलाके में 35 भैंस और 20 बकरियों का शिकार कर चुका है। टाइगर का मूवमेंट आबादी क्षेत्र में पिछले कई महीनों से बना हुआ है। वन विभाग को ज्ञापन भी दिया जा चुका है। इसके बाद भी हालात नहीं बदले हैं। मृतक भरत 6 भाइयों में तीसरे नंबर का था। परिवार में पत्नी परसादी, 2 बच्चे और मां गोपाली है। पिता का निधन हो चुका है।*

# युवक की संदिग्ध हालत में मौत: जलती हुई चिता से पुलिस ने शव निकालकर कब्जे में लिया,हत्या की आशंका

द पुलिस पोस्ट



**धौलपुर** धौलपुर के कौलारी थाना क्षेत्र के नगला खरगपुर गांव में युवक की संदिग्ध हालत में मौत होने पर परिजन रविवार को अंतिम संस्कार कर रहे थे। स्थानीय पुलिस को युवक की हत्या होने का इनपुट मिला। इसके बाद सीओ अनूप कुमार यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां जलती हुई चिता से शव को निकलवा लिया। फॉरेंसिक और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है। पुलिस ने अधजले शव को कब्जे में ले लिया है। नगला खरगपुर गांव निवासी राजेश (27) पुत्र मोहर सिंह प्रजापति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। युवक की मौत होने के बाद परिजन और ग्रामीण अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट लेकर पहुंच गए थे। श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार की रस्म अदा कर चिता को मुखाग्नि भी दे दी गई। चिता का जलना शुरू हुआ था। इसी दौरान ग्रामीणों के माध्यम से पुलिस को युवक की हत्या होने का इनपुट मिला। मामले की गंभीरता को देख पुलिस हरकत में आ गई। सीओ अनूप कुमार यादव, कौलारी थाना प्रभारी भंवर सिंह और सैपऊ थाना प्रभारी गंभीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को मौके पर पहुंचता देख अंतिम संस्कार करने पहुंची भीड़ में हड़कंप मच गया। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से जलती हुई चिता से शव को बाहर निकलवा लिया। थाना प्रभारी भंवर सिंह ने बताया कि संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत हुई है। परिजन मृतक का अंतिम संस्कार कर रहे थे, लेकिन पुलिस को हत्या होने का इनपुट मिला था। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर घटना से संबंधित साक्ष्य लिए जा रहे हैं। मेडिकल बोर्ड से मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। घटना के हर पहलू पर पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। युवक की हत्या हुई है या अन्य कोई मामला है, इसका खुलासा जांच के बाद होगा।

## फर्जी प्रमाण-पत्र से पेंशन लेने ने वालों की होगी जांच

### जिला कलेक्टर ने दिए आदेश, फर्जी पेंशन के मामले सामने आने पर उठाया कदम




द पुलिस पोस्ट

**झालावाड़** जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने झालावाड़ जिले में फर्जी कुष्ठ रोग प्रमाण-पत्र के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन लेने वालों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत विशेष योग्यजन श्रेणी में फर्जी कुष्ठ रोग के प्रमाण-पत्रों की जांच की जाकर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार प्राप्त की गई राशि वसूली एवं उसके खिलाफ अन्य कार्रवाई की जाएगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत कुष्ठ रोग पीड़ितों को 2500 रुपए देने का प्रावधान है। विभाग अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में फर्जी पेंशन के मामले सामने आने पर झालावाड़ में भी जांच कराई जा रही है। आपको बता दें कि कई लोग फर्जी तरीके से विशेष योग्यजन के प्रमाण पत्र बनाकर सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे है।

## युवक के पेट और सीने में चाकू मारकर हत्या:

# बर्थडे पार्टी से लौट रहा था घर; आरोपियों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग कर रहे परिजन

द पुलिस पोस्ट




**डूंगरपुर** डूंगरपुर में बाइक पर आए 2 बदमाशों ने युवक के पेट और सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी। युवक पड़ोस में चल रही बर्थडे पार्टी से लौट रहा था। मामला रामसागड़ा थाना क्षेत्र के गामड़ी अहाड़ा अमूलवा फला का शनिवार रात करीब 9 बजे का है। युवक की हत्या से परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हैं। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार करने और मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इसे लेकर वे आरोपियों के घरों के पास ही बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे दोनों पक्षों के बीच तनातनी का माहौल है। तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है। परिजन को समझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किए गए चाकू को बरामद कर लिया है।

### बाइक पर आए बदमाश, गले में हाथ डाला, घोंप दिया चाकू

रामसागड़ा थानाधिकारी गोपालनाथ ने बताया- गामड़ी अहाड़ा अमूलवा फला निवासी कांति पुत्र रजिया डामोर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया कि उसका बेटा पंकज डामोर (18) गुजरात के मोरबी में मजदूरी करता था। दीपावली के लिए वह 5 दिन पहले घर आया था। शनिवार शाम पंकज पड़ोस में रहने वाले सुरेश की छोटी बेटी भावना के बर्थडे की पार्टी में डीजे पर चल रहे डांस कार्यक्रम को देखने गया था। मां बाड़ी केंद्र स्कूल के पास के रास्ते से होते हुए पैदल ही घर लौट रहा था। इसी दौरान पंकज के पीछे से एक बाइक पर राकेश डामोर निवासी कांकरादरा और राहुल कोटेड निवासी रातापानी आए। उन्होंने बाइक रोकी। बाइक पर पीछे बैठे राहुल ने नीचे उतर कर पंकज के गले में हाथ डाला। फिर चाकू निकाल कर पंकज के सीने और पेट में वार किए। इससे पंकज लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। अचानक हुए इस हमले से पंकज के साथ चल रहे अन्य युवक घबरा गए। युवकों के चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़कर आए। गंभीर घायल पंकज को निजी वाहन से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव मॉच्युर्री में रखवाया है। पुलिस ने रात को ही आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन अभी पकड़ में नहीं आए हैं।

### दोनों पक्षों के लोग इकट्ठा, तनाव का माहौल

थानाधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर रविवार सुबह ग्रामीण और रिश्तेदार पंकज के घर इकट्ठा हो गए। इसके बाद आरोपी युवकों को पकड़ने व मुआवजे की मांग को लेकर परिजन और ग्रामीण आरोपियों के घरों से कुछ ही दूरी पर धरने पर बैठ गए। इधर, आरोपी पक्ष के लोग ढोल बजाकर ग्रामीणों को इकट्ठा कर रहे हैं। इसके बाद आसपास के गांवों से भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस दोनों पक्षों पर निगरानी रखे हुए है। दोनों पक्षों के बीच कई बार तनातनी का माहौल बन गया। रामसागड़ा थाना पुलिस ने अतिरिक्त जाब्ता बुलाया है। जन प्रतिनिधियों की मदद से परिजन को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## झाड़ियों में नवजात को छोड़ गए परिजन:

### तड़के 5.30 बजे रोने की आवाज आई और देखा तो मिली बच्ची

द पुलिस पोस्ट

**उदयपुर** उदयपुर जिले के झाड़ोल उपखंड के ओडा कस्बे में रविवार तड़के हनुमान मंदिर के पास झाड़ियों में एक नवजात बालिका मिली। ग्रामीणों का कहना है कि स्थिति से ऐसा आभास होता है कि एक मां जन्म देने के बाद नवजात बालिका को छोड़ कर गई। सुबह करीब साढ़े पांच बजे के करीब ग्रामीणों ने मंदिर के पास झाड़ियों में नवजात के रोने की आवाज सुनी तो नजदीक गए। वहां देखा तो झाड़ियों में कपड़े में लिपटी नवजात बालिका दिखी। ग्रामीणों ने तुरंत बालिका को उठा कर पंचायत भवन ले गए और उप सरपंच देवीलाल मेघवाल व सरपंच पति नाथूलाल गमार को सूचना दी। बाद में दोनों ने ओगणा पुलिस और चिकित्सा विभाग को सूचना दी जिस पर झाड़ोल सीएचसी से टीम मौके पर पहुंची और नवजात को झाड़ोल अस्पताल ले गए। वहां बालिका का मेडिकल चेकअप किया गया और अब उसे पालना गृह में रखने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

चादर में मिला शव, हाथ-पैर भी काटे:

## हत्या की आशंका, ऋख्छ टीम मौके पर पहुंची; लोगों की भीड़ जुटी



द पुलिस पोस्ट

**सवाई माधोपुर** चौथ का बरवाड़ा तहसील के बगीना गांव में रविवार सुबह बनास नदी में एक लाश मिलने से सनसनी फैल गई। यह लाश बगीना रपट के पास एक कपड़े की चादर में बंधी हुई मिली। जिसके हाथ पैर इस स्थान से करीब 15 से 20 फीट दूर मिले हैं। मामले को लेकर चौथ का बरवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार प्राथमिक तौर पर यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लगी हुई है। पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलवाया है।

### हाथ-पैर कटे मिले

चौथ का बरवाड़ा थाना प्रभारी हरभान सिंह ने बताया कि रविवार सुबह करीब 8:00 बजे ग्रामीणों ने बनास में बनी रपट के पास एक चद्दर में बंधी हुई लाश को देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचा गया। लास्ट चद्दर में बंधी हुई थी और उसके हाथ पैर उससे थोड़ा दूर पड़े हुए मिले हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक तौर पर यह मामला हत्या से जुड़ा हो सकता है। जिसे लेकर जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर यह घटना सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों का कहना है कि यह बड़ा मामला हो सकता है। शव से कुछ दूरी पर हाथ पैर अलग पड़े हुए मिले हैं। जिससे यह प्रतीत हो रहा है की हत्या के बाद हाथ पैरों को भी काटा गया होगा। लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर शव मिला है। वहां पर लोग रोजाना नहाते हैं। ऐसे में यह भी हो सकता है कि किसी ने शव को यहां पर लाकर डाला हो। फिलहाल पुलिस इस मामले में ज्यादा कहने से बच रही है तथा प्राथमिक तौर पर हत्या का मामला बता रही है।

कार की टक्कर से बाइक सवार बच्चे की मौत:

## 2 भाई उछलकर दूर गिरे,गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती



द पुलिस पोस्ट

**सिरोही** उदयपुर पालनपुर फोरलेन स्थित रोहिड़ा थाना क्षेत्र के भुजेला के पास कार की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसे में दो भाई गंभीर घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही परिजनों को सूचना दी। जोड़ फली भारजा निवासी लालाराम गरासिया, राकेश गरासिया और लालाराम का बेटा कलाराम बाइक पर सवार होकर आबूरोड की ओर से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे भुजेला के पास पहुंचे। तभी तेज रफ्तार कार की जोरदार टक्कर लगने से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों छिटककर दूर जा गिरे। हादसे की सूचना मिलते ही रोहिड़ा थाने के हेड कॉन्स्टेबल गोविंद लाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एलएनटी की एम्बुलेंस की मदद से तीनों को इलाज के लिए स्वरूपगंज के सरकारी अस्पताल रवाना किया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने कलाराम को मृत घोषित कर दिया। लालाराम और राकेश गरासिया की हालत चिंताजनक होने पर उन्हें सिरोही सरकारी अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन दोनों घायलों के परिजन उन्हें लेकर गुजरात रवाना हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर रोहिड़ा पुलिस चौकी के लिए रवाना करवाया। घायलों के परिजनों को सूचना देकर अस्पताल बुलवाया।

घर का 'दीपक' बुझा, माता-पिता की अंधेरी हुई दिवाली:

# नाहरगढ़ में भाइयों की मौत-लापता होने की गुत्थी अनसुलझी; दोनों ने लोन लेकर बनाया था मकान

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर** जयपुर में नाहरगढ़ की पहाड़ियों में एक भाई का शव मिलने और दूसरे के लापता होने के दो महीने बाद भी मामला अनसुलझा है। नाहरगढ़ की पहाड़ियों पर हफ्ते भर तक सर्च अभियान चलाया गया था। ड्रोन उड़ाए गए, लेकिन कोई सबूत नहीं मिला। अब तक न तो यह पता चला कि छोटे भाई आशीष शर्मा (22) की मौत कैसे हुई, न ही यह पता चला कि राहुल शर्मा (25) कहां गया। घटना से पहले दोनों भाइयों के माता-पिता दिवाली के बाद उनकी शादी की प्लानिंग कर रहे थे। परिवार को अब भी उम्मीद है कि उनका बड़ा बेटा राहुल जिंदा है। जब वह लौटेगा, तभी उनके घर में दिवाली और त्योहार मनाए जा सकेंगे।







### घर के लिए लोन लिया था

परिजन से बातचीत में पता चला कि यह दो मंजिला घर दोनों भाइयों ने लोन लेकर बनाया था। इस मकान में चार कमरे, दो रसोई और दो हॉल हैं। यहां राहुल और आशीष माता-पिता के साथ रहते थे। अब इस मकान में उनके माता-पिता ही रह गए हैं। मकान की किस्त भी दोनों भाई चुका रहे थे। पिता सुरेश कांजी बड़े का ठेला लगाते हैं। मां गृहिणी हैं। यह परिवार साल 2014 में यहां आया था। राहुल का 20 अक्टूबर को जन्मदिन था, लेकिन परिवार उसका जन्मदिन गोवर्धन पूजा के दिन मनाता था। क्योंकि जिस दिन उसका जन्म हुआ था, वह गोवर्धन पूजा वाला दिन था। पिता सुरेश ने बताया- वैसे तो हम उस स्थिति में नहीं थे कि धूमधाम से बच्चों का जन्मदिन मनाएं। हालांकि जन्मदिन पर खुशी एक दूसरे के साथ जरूर साझा करते थे। राहुल खासा कोठी स्थित एक फाइनेंस कंपनी में काम करता था। वहां केक काटकर जन्मदिन मनाया जाता था?। बर्थडे सेलिब्रेशन की सभी बातें राहुल घर आकर हमें बताता था।

### दिवाली के बाद थी दोनों की शादी की प्लानिंग

ताई गीता देवी ने बताया- दोनों बच्चों के पिता की इच्छा थी कि मकान का कर्ज चुकाने के बाद दोनों की इस साल शादी कर दी जाए। इसके लिए उनकी प्लानिंग थी कि दिवाली के बाद दोनों बच्चों के लिए अच्छा परिवार देखकर शादी की जाएगी। दो-चार जगह से लोग आए भी थे, दोनों भाइयों को देखने के लिए। परिवार चाहता था कि दोनों बच्चों की शादी एक साथ की जाए। परिवार आर्थिक रूप से इतना सक्षम नहीं है कि बच्चों की अलग-अलग शादी की जाए।

### एक को रोशनी का शौक था तो दूसरे को पटाखे चलाने का

मां सीता देवी ने बताया- दोनों भाइयों में बहुत ही प्रेम था। जब राहुल ऑफिस से आता था तो हम दोनों साथ बैठकर चाय पीते थे। पिता सुरेश शर्मा जब कांजी बड़े का ठेला लेकर घर पहुंचते थे तो दोनों भाई सामान उतारने में एक साथ मदद करते थे। पिछली दिवाली पर घर में एक अलग ही रौनक थी। आशीष घर में रोशनी पर ध्यान देता था। उसको शौक था कि घर में रंग-बिरंगी लाइटिंग की जाए। वहीं, राहुल को पटाखे छुड़ाने का शौक था। आशीष और राहुल, दोनों ही अपने हाथों से घर को रोशन करने के लिए दीपक लगाते थे। इस बार हमारे घर की दिवाली बेरंग है। हमने इस बार न दीपक जलाए हैं, न रोशनी की है

### पिता को अब भी एक बेटे के लौटने की उम्मीद

*पिता सुरेश शर्मा ने बताया- एक बेटे को खोने के बाद आज भी उम्मीद है कि हमारा दूसरा बेटा कभी न कभी लौट कर घर आएगा। इस बार दिवाली पर हमारे घर में मायूसी है। राहुल के वापस आने पर हम सही मायने में दिवाली मना पाएंगे।*

### राहुल की तलाश कर रही पुलिस

*एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह शेखावत ने बताया- आज भी नाहरगढ़ पहाड़ी पर टीमें जांच में जुटी हैं। न केवल नाहरगढ़ बल्कि अन्य स्थानों पर भी सर्च कर रही है। यह बात सही है कि अभी तक राहुल के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है। जयपुर पुलिस लगातार इस मामले में सर्च कर रही है। पिता को बताया था रास्ता भटक गए हैं दरअसल, राहुल और आशीष एक सितंबर को सुबह 6 बजे नाहरगढ़ की पहाड़ी पर चरण मंदिर जाने की कह कर निकले थे। इसके 5 घंटे बाद सुबह 11 बजे पिता के मोबाइल फोन पर आशीष ने कॉल कर बताया था कि चरण मंदिर से लौटते वक्त वे रास्ता भटक गए हैं। दोपहर 1 बजे तक उनके मोबाइल फोन पर रिंग जाती रही, लेकिन फोन उठाया नहीं गया। इसके बाद मोबाइल बंद हो गया था। तब परिजन शास्त्री नगर थाने पहुंचे। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया तो अगले दिन (2 सितंबर को) नाहरगढ़ की पहाड़ियों में आशीष का शव मिला था।*

बालोतरा में 8.97 लाख के नकली नोट बरामद, एक गिरफ्तार:

# बंडल अलग-अलग सीरियल के निकले, 40 हजार रुपए में बेचता 1 लाख के नोट

द पुलिस पोस्ट

**बाड़मेर** बालोतरा जिले की डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी तादाद में नकली नोट पकड़े है। मामले में एक युवक को हिरासत में लिया है। कार्रवाई जसोल थाना इलाके में की गई है। पूछताछ में सामने आया है कि युवक 1 लाख रुपए के जाली नोट 40 हजार रुपए में बेच रहा था। पुलिस ने 8 लाख 97 हजार 5 सौ के नकली नोट बरामद किए है। हालांकि आरोपी नकली नोट कहां से लेकर आया और साथ में कौन-कौन शामिल है, इसको लेकर पुलिस टीम पूछताछ कर रही है।

### आसोतरा रोड पर नाकाबंदी कर पकड़ा

पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि जसोल थाना इलाके में एक युवक नकली नोटों की सप्लाई कर रहा है। इस पर डीएसटी टीम ने आसोतरा रोड पर बाइक पर जा रहे एक युवक को डिटेन किया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास 500-500 रुपए के जाली नोट मिले। नकली नोट 8 लाख रुपए से ज्यादा है। इस पर टीम ने तिलवाड़ा निवासी युवक भरत कुमार को दबोच लिया। वहीं उसकी बाइक को भी जब्त कर लिया है। युवक से पूछताछ की जा रही है कि बड़ी मात्रा में जाली नोट कहां से लेकर आया है।



### मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है

एसपी कुंदर कंवरिया ने बताया- सूचना मिली थी कि एक युवक नकली नोटों को बालोतरा इलाके के सप्लाई करने जा रहा है। आसोतरा रोड पर नाकाबंदी करके भरत कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे 500-500 रुपए के1795 नोट नकली बरामद किए। जिसकी फेस वेल्यू कुल 8 लाख 97 हजार 500 रुपए है। उसके कब्जे से बाइक को डिटेन किया है। जसोल थाने में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। कड़ी से कड़ी जोड़कर पूरे रैकेट का पदार्फाश करेंगे।

### बड़ा रैकेट की संभावना

एसपी ने कहा कि पूछताछ से लग रहा है कि इसका पीछे कोई बड़ा रैकेट है। गिरफ्तार युवक ने जालोर के किसी व्यक्ति से जाली नोट लाना बताया है। यह सारे नोट बालोतरा मार्केट में खपाने के लिए लाया था। पहले यह दो राउंड कर चुका है पहले करीब 40 लाख के नकली नोट लेकर आया था। लेकिन उसकी प्रिंटिंग खराब थी इस लिए मार्केट में खपा नहीं पाया। इसके बाद प्रिटिंग इम्प्रू करते हुए नकली नोट मार्केट में खपाए है। जिस व्यक्ति नोट लाया है उसको नामजद किया गया है। उसके बारे में जानकारी जुटा कर उसको पकड़ने के लिए टीम को भेज दिया गया है। एसपी ने कहा कि प्रोपर हाई क्वालिटी इंडियन करेंसी थी। जिसको देखने से बताए नहीं जा सकता था कि नकली या असली है। उसके लिए मशीन का यूज करना जरूरी है। या फिर नोट के बारे में ज्यादा जानकारी होने पर ही आप पता लगा सकेंगे। सामान्य व्यक्ति के लिए असली और नकली का फर्क करना बहुत मुश्किल है।

### नोटों की सीरियल अलग-अलग

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मिले जाली नोट के सीरियल नंबर अलग-अलग है। युवक 1 लाख रुपए जाली नोट के बदले 40 हजार रुपए में बेचता था। आरोपी ने कितने नोट सप्लाई कर दी है और कहां-कहां सप्लाई करने जा रहा था इसको लेकर पूछताछ की जा रही है।

हाईवे पर टमाटर के कैरेट से भरा ट्रक पलटा:

## राहगीरों में लूटने की होड़ मची,पुलिस ने आकर हटाया



द पुलिस पोस्ट

***अजमेर** अजमेर जिले के नसीराबाद के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर टमाटर से भरा एक ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक भी घायल हो गया। जिससे ट्रक में भरे टमाटर दूर-दूर तक बिखर गए। सड़क पर टमाटर बिखरे देखकर आसपास के लोग और राहगीर टमाटर लूटने में जुट गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने टमाटर लूटने वाले व्यक्तियों को हटाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार- नासिक से टमाटर भरकर एक ट्रक जम्मू कश्मीर जा रहा था। कानाखेड़ी गांव के निकट पहुंचते ही तेज गति के कारण ट्रक असंतुलित हो गया और सड़क पर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक चालक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया गया। वहीं हादसे के बाद सड़क पर बिखरे टमाटर को लूटने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को हटाया। फिलहाल पुलिस को कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।*

## जिला कलक्टर नमित मेहता ने परिवार संग वृद्धाश्रम में मनाई दीपावली,बुजुर्गों के साथ बांटी खुशियाँ

द पुलिस पोस्ट

**भीलवाड़ा।** जिला कलक्टर नमित मेहता परिवार सहित दीपावली की खुशियां साझा करने के लिए मंगरोप रोड स्थित ओम शांति सेवा संस्थान के वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के बीच पहुंचे। आश्रम में जिला कलक्टर ने बुजुर्गों के साथ दीपावली मनाई, उन्हें भोजन परोसा और उनके साथ समय बिताया। जिला कलेक्टर की यह पहल वृद्धजनों के लिए एक विशेष उपहार जैसी थी, जिसने उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी। जिला कलक्टर ने वृद्धाश्रम में लक्ष्मी पूजन भी किया। उन्होंने देवी लक्ष्मी की आराधना की और समृद्धि और सुख की कामना की। उन्होंने बुजुर्गों के साथ मिलकर दीप जलाए और प्रार्थना की। मेहता ने आश्रम के सभी वृद्धजनों और स्टाफ को दीपावली की शुभकामनाएं दी। यह एक अनोखा और यादगार पल था जिसने आश्रम के वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। इस अवसर पर,





उन्होंने कहा, ₹आइए हम दीपावली के इस पावन अवसर पर वृद्धजनों के प्रति अपनी सेवा और समर्थन को बढ़ावा देने का संकल्प लें।₹ जिला कलक्टर ने बुजुर्गों के लिए खुशी का मौका बनाया और उनका आशीर्वाद लिया। यह एक अनोखा और यादगार पल था।

घास भैंरू की सवारी, जानलेवा परपंरा:

## एक-दूसरे पर जलते हुए पटाखें फेंकने से 70 से ज्यादा लोग झुलसे

द पुलिस पोस्ट

**केकड़ी** केकड़ी में दीपावली के राम-राम के दिन खेली जाने वाली 'अंगारों की दीवाली' पुलिस प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद नहीं रुकी। लोगों ने एक-दूसरे पर खतरनाक पटाखे फेंके, जिससे 70 से अधिक लोग झुलस गए। एक युवक को गंभीर हालत में अजमेर रेफर किया गया है। केकड़ी में गोर्वधन पूजा के दिन शाम को घास भैंरू की सवारी निकाली जाती है। इस सवारी के दौरान असामाजिक तत्वों ने एक-दूसरे पर गंगा जमुना, सीता-गीता, और सूतली बम जैसे खतरनाक पटाखे फेंके। घास भैंरू की सवारी निकालने की आड़ में युवाओं ने जमकर पटाखेबाजी की। पुलिस प्रशासन ने परंपरा के नाम पर खेले जाने वाले इस खेल को रोकने के लिए अतिरिक्त जाब्ता भी बुलाया, लेकिन उद्दंड युवकों ने पुलिस की मौजूदगी में भी पटाखेबाजी की। घास भैंरू की सवारी लगभग साढ़े 8 बजे गणेश मंदिर से शुरू हुई और लोढा चौक, सुरजपोल गेट, भैरु गेट, खिड़की गेट होते हुए वापस गणेश मंदिर पहुंची। युवाओं ने देर रात तक पटाखों से तांडव मचाए रखा। इस मौके पर एएसपी रामचंद्र सिंह, डीएसपी हर्षित शर्मा और थाना प्रभारी कुसुम लता पुलिस दल के साथ मौजूद रहे, लेकिन वे पटाखे फेंकने की इस परंपरा को रोकने में सफल नहीं हो सके। दोपहर 1 बजे से सदर बाजार में एक-दूसरे पर पटाखे फेंकने का खेल शुरू हुआ, जो रात तक चलता रहा।

# जलवायु बदलाव कार्यक्रम को न्यायसंगत बनाएं

इन दिनों जलवायु बदलाव का मुद्दा बहुत चर्चा में है क्योंकि इस महीने 11 नवम्बर को जलवायु बदलाव का महासम्मेलन (संयुक्त राष्ट्र संघ फ्रेमवर्क कंवेंशन का जलवायु बदलाव पर 29वां सम्मेलन) आरंभ हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासंघ के महानिदेशक एंतोनियो गुतेर्रेस ने इस बाबत जारी अपने बयान में कहा है कि जलवायु बदलाव नियंत्रण के क्षेत्र में उचित प्रगति न करने के कारण विश्व स्तर पर अनेक गंभीर आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है और यह विफलता बनी रही तो और भी भयंकर आपदाएं तबाही मचा सकती हैं।

विकासशील और निर्धन देशों के लिए विशेष चिंता की बात यह है कि धनी देश और उनकी बहुराष्ट्रीय कंपनियां जलवायु बदलाव संबंधी एजेंडे को ऐसी दिशा में ले जाना चाहते हैं जिससे धनी देशों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हितों को साध लिया जाए। दूसरी ओर, इस राह पर चलते हुए विकासशील और निर्धन देशों विशेषकर उनके किसानों और मजदूरों की समस्याएं कई स्तरों पर बढ़ सकती हैं। जलवायु बदलाव के विमर्श के आरंभिक दिनों को हम याद करें तो उस समय इस तथ्य को अधिक महत्त्व दिया जाता था कि जलवायु बदलाव और ग्रीनहाऊस गैसों के अधिक उत्सर्जन के लिए ऐतिहासिक तौर पर आज के धनी देश अधिक जिम्मेदार हैं। अतः चाहे विकासशील और निर्धन देशों को भी जलवायु बदलाव नियंत्रण की अपनी जिम्मेदारी निभानी ही है पर इसका अधिक दायित्व धनी देशों पर है। इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी और अधिक प्रदूषण वाली मौजूदा जीवन-शैली के आधार पर माना गया कि धनी देश अधिक जिम्मेदारी संभालेंगे और साथ में विकासशील और निर्धन देशों को अपनी जिम्मेदारी निभाने में पर्याप्त और समुचित सहायता आर्थिक और तकनीकी स्तर पर करेंगे।

कड़वी सच्चाई यह है कि धनी देश न केवल इन जिम्मेदारियों को निभाने में विफल रहे हैं, अपितु उनकी कहीं अधिक जिम्मेदारी को जो मजबूत सैद्धांतिक आधार पहले मिल गया था, उसको और उससे संबंधित व्यापक सहमति को भी तरह-तरह से तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है। यहां तक कि सबसे अधिक प्रदूषण करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियां ऐसे तमाम हथकंडों को अपना रही हैं जिनसे उनके अधिक प्रदूषण करने वाले व्यवसायों का पहले से और अधिक प्रसार हो सके पर उस पर किसी तरह तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर, ग्रीन या पर्यावरण की दृष्टि से उचित होने का लेबल चिपका दिया जाए। इन सब खतरनाक प्रवृत्तियों पर रोक लगाते हुए आज जरूरत इस बात की है कि जलवायु बदलाव नियंत्रण और अनुकूलन (मिटिगेशन एंड एडेप्टेशन) का ऐसा एजेंडा सामने लाया जाए जो सही मायने में न्यायसंगत हो।

पर्यावरण की रक्षा की जरूरत निरंतर बढ़ती जा रही है। कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि जलवायु बदलाव के दौर में तो पर्यावरण की रक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता बनता जा रहा है। इसके बावजूद आज भी जलवायु बदलाव जैसे मुद्दे के साथ बहुत व्यापक स्तर के जन-आंदोलन नहीं जुड़ सके हैं। पर्यावरण की रक्षा से जुड़े लोगों को इस बारे में गहरा चिंतन-मनन करना होगा कि जिस समय पर्यावरण आंदोलन की सार्थकता अपने उत्कर्ष पर है, उस समय में विश्व स्तर पर उसे वैसा व्यापक जन-समर्थन क्यों नहीं मिल रहा है, जिसकी उसे बहुत जरूरत है। यदि इस बारे में पूरी ईमानदारी से चिंतन-मनन किया जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि बढ़ती प्रासंगिकता के बावजूद विश्व स्तर पर पर्यावरण के आंदोलन का जन-आधार इस कारण व्यापक नहीं हो सका है क्योंकि इसमें न्याय और समता के मुद्दों का उचित ढंग से समावेश नहीं हो पाया है



एक महत्त्वपूर्ण विकासशील देश के रूप में भारत की यह भूमिका बहुत महत्त्वपूर्ण हो सकती है कि जलवायु बदलाव को नियंत्रित करने के एजेंडे को न्यायसंगत बनाया जाए। इसके लिए विश्व स्तर पर ऐसा कार्यक्रम बनना चाहिए जिसमें ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लक्ष्य को सब लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लक्ष्य से जोड़ा जाए। पर्यावरण की रक्षा की जरूरत निरंतर बढ़ती जा रही है।

कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि जलवायु बदलाव के दौर में तो पर्यावरण की रक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता बनता जा रहा है। इसके बावजूद आज भी जलवायु बदलाव जैसे मुद्दे के साथ बहुत व्यापक स्तर के जन-आंदोलन नहीं जुड़ सके हैं। पर्यावरण की रक्षा से जुड़े लोगों को इस बारे में गहरा चिंतन-मनन करना होगा कि जिस समय पर्यावरण आंदोलन की सार्थकता अपने उत्कर्ष पर है, उस समय में विश्व स्तर पर उसे वैसा व्यापक जन-समर्थन क्यों नहीं मिल रहा है, जिसकी उसे बहुत जरूरत है। यदि इस बारे में पूरी ईमानदारी से चिंतन-मनन किया जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि बढ़ती प्रासंगिकता के बावजूद विश्व स्तर पर पर्यावरण के आंदोलन का जन-आधार इस कारण व्यापक नहीं हो सका है क्योंकि इसमें न्याय और समता के मुद्दों का उचित ढंग से समावेश नहीं हो पाया है।

जलवायु बदलाव के संकट को नियंत्रण करने के उपायों में जनसाधारण की भागेदारी प्राप्त करने का सबसे असरदार उपाय यह है कि विश्व स्तर पर ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन में पर्याप्त कमी उचित समय-अवधि में लाए जाने की ऐसी योजना बनाई जाए जो सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने से जुड़ी हो और फिर इस योजना को कार्यान्वित करने की दिशा में तेजी से बढ़ा जाए। यदि इस तरह की योजना बना कर कार्य होगा तो ग्रीनहाऊस गैस उत्सर्जन में कमी के जरूरी लक्ष्य के साथ-साथ करोड़ों अभावग्रस्त लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का लक्ष्य अनिवार्य तौर पर जुड़ जाएगा, और इस तरह ऐसी योजना के लिए करोड़ों लोगों का उत्साहवर्धक समर्थन प्राप्त हो सकेगा। ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए कुछ हद तक हम फॉसिल ईंधन के स्थान पर अक्षय ऊर्जा (जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा) का उपयोग कर सकते हैं, पर केवल यह पर्याप्त नहीं है। विलासिता और गैर-जरूरी उपभोग कम करना भी जरूरी है। यह तो बहुत समय से कहा जा रहा है कि विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बहुत सावधानी से होना चाहिए और वनों, चरागाहों, कृषि भूमि और खनिज-भंडारों का उपयोग करते हुए इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि पर्यावरण की क्षति न हो या उसे न्यूनतम किया जाए। जलवायु बदलाव के दौर में अब नई बात यह जुड़ी है कि विभिन्न उत्पादन कार्यों के लिए कितना कार्बन स्थान या स्पेस उपलब्ध है, यह भी ध्यान में रखना जरूरी है। जब हम इन नई-पुरानी सीमाओं के बीच दुनिया के सब लोगों की जरूरतों को पूरा करने की योजना बनाते हैं तो स्पष्ट है कि वर्त्तमान अभाव की स्थिति को देखते हुए करोड़ों गरीब लोगों के लिए पौष्टिक भोजन, वस्त्र, आवास, दवाओं, कापी-किताब आदि का उत्पादन बढ़ाना होगा। इस उत्पादन को बढ़ाने में हम पूरा प्रयास कर सकते हैं कि ग्रीनहाऊस गैस के उत्सर्जन को कम करने वाली तकनीकों का उपयोग हो पर यह एक सीमा तक ही संभव होगा। अतः यदि गरीब लोगों के लिए जरूरी उत्पादन बढ़ाना है तो उसके लिए जरूरी प्राकृतिक संसाधन और कार्बन स्पेस प्राप्त करने के लिए साथ ही जरूरी हो जाता है कि विलासिता की वस्तुओं और गैर-जरूरी वस्तुओं का उत्पादन कम किया जाए। ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

यदि गरीब लोगों के लिए जरूरी उत्पादन को प्राथमिकता देने वाला नियोजन न किया गया तो फिर विश्व स्तर पर बाजार की मांग के अनुकूल ही उत्पादन होता रहेगा। वर्तमान विषमताओं वाले समाज में विश्व के धनी व्यक्तियों के पास क्रय शक्ति बेहद अन्यायपूर्ण हद तक केंद्रित है, अतः बाजार में उनकी गैर-जरूरी और विलासिता की वस्तुओं की मांग को प्राथमिकता मिलती रहेगी। अतः इन्हीं वस्तुओं के उत्पादन को प्राथमिकता मिलेगी।

# नई गाली उर्फ 'गैसलाइटिंग'

मीडिया



सुधीश पचौरी

'गैसलाइटिंग' एक प्रकार का ऐसा मनोवैज्ञानिक 'मेनीपुलेशन' है जो एक यथार्थ की जगह दूसरे किस्म का यथार्थ गढ़कर, गढ़े हुए यथार्थ को सच की तरह पेश करता है और जो असली यथार्थ की जगह ले लेता है। इसे एक कहानी के 'समांतर कहानी' की तरह गढ़ा जाता है जो इन दिनों हमारे राजनीतिक विमर्शों में आए दिन बनती रहती हैं

**चैनलों** की खबरों और चरचाओं में आजकल जिस तरह की भाषा प्रसारित-प्रचारित होती है, वह एकदम अभूतपूर्व है। कहां तो अपने यहां 'पहले आप पहले आप' वाली 'कल्चर' थी और कहां आज की 'गाली-गलौज कल्चर' है! खबरें हों या चरचाएं, उनमें आए दिन एक न एक गाली बरसती है। कोई न कोई किसी न किसी को 'गाली' देकर 'नीचा' करता रहता है। यह राजनीति की नई 'गाली कल्चर' है! और लगता है कि अपनी राजनीति ने अमेरिकी नेताओं को भी 'गाली कल्चर' दे दी है। तभी तो 'समकालीन चुनावी अभियान' में कोई किसी नेता को 'ड्रेकूला' कह रहा है, कोई 'कचरा'। सुनने वाले तालियां बजा रहे हैं।

'सोशल मीडिया' तो इस तरह की गालियों का पूरा 'गोदाम' ही है। एक चैनल बता चुका है कि एक दल के नेताओं ने दूसरे दल के बड़े नेता को अब तक कुल डेढ़ सौ से भी अधिक गालियां दी हैं। फिर एक चैनल ने बताया कि दूसरे दल ने भी कोई कम गालियां नहीं दी हैं। इन सभी गालियों को इकट्ठा कर दिया जाए तो एक नया स्वतंत्र 'गाली कोश' ही बन जाए। अगर इनमें 'ओटीटी' पर आ रही फिल्मों में खुल कर दी जाती गालियों को जमा कर दिया जाए तो हम दुनिया के सबसे बड़े 'गाली कोश वाले देश' हो सकते हैं। कई बार हमें यहां गालियों का कंपटीशन जैसा नजर आता है। गाली न हुई, गोली हो गई।

मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि गाली देने वाला 'कमजोर' होता है। अपने को 'हीन' महसूस करता है और हीनता की भरपाई गाली देकर करता है। इस तरह गाली देना अपने आपको 'पावरफुल' महसूस करने का, दूसरे को 'कंट्रोल' करने का तरीका है और गाली देने वाले से बराबरी करने का तरीका है। गाली देने वाले मानसिक रोगी होते हैं। हमेशा ही असंतुष्ट रहते हैं। 'एक्सपर्ट' मानते हैं कि गाली देने वाले का 'ईगो' उनकी हैसियत से बहुत बड़ा होता है। यह उनका 'छद्म ईगो' ही होता है जिसे वे 'सच' मानकर व्यवहार करते हैं। अपने को बाकी सबका 'नियंता' समझते हैं। लेकिन यह भी सच है कि गालियां एक तरह से मन की 'भड़ास' को भी बाहर निकाल कर आदमी को 'हल्का' करती हैं। गालियों के अनंत क्रम में इन दिनों एक नई गाली और जुड़ी है। इसे 'गैसलाइटिंग' कहते हैं। 'गैसलाइटिंग' का अर्थ 1944 में बनी उस अंग्रेजी फिल्म 'गैसलाइट' के बाद लोगों की समझ में आया जो 1938 में आए इसी नाम के 'उपन्यास' पर बनी थी। फिल्म का नायक घर में जलती 'गैसलाइट' को कभी तेज, कभी मद्धिम करके, कभी बेहद कम करके अपनी पत्नी को धीरे-धीरे समझाने में कामयाब हो जाता है कि पत्नी वैसी नहीं है जैसा कि वह अपने को समझती है, बल्कि वह वही है जो वो बता रहा है, और अंततः वह इसमें कामयाब हो जाता है।

इस तरह 'गैसलाइटिंग' एक प्रकार का ऐसा मनोवैज्ञानिक 'मेनीपुलेशन' है जो एक यथार्थ की जगह दूसरे किस्म का यथार्थ गढ़कर, गढ़े हुए यथार्थ को सच की तरह पेश करता है और जो असली यथार्थ की जगह ले लेता है। इसे एक कहानी के 'समांतर कहानी' की तरह गढ़ा जाता है जो इन दिनों हमारे राजनीतिक विमर्शों में आए दिन बनती रहती हैं। ये एक यथार्थ को अपने बनाए यथार्थ से 'रिप्लेस' कर देती हैं। 'गैसलाइट' को कभी तेज किया जा सकता है, कभी मद्धि व कभी बेहद धीमी की जा सकती है। उसी तरह आदमी के दिमाग को भी 'मेनीपूलेट', 'उल्टापल्टा' या 'बदला' जा सकता है। इसे हम घरों में बच्चों के बीच बनाए जाते 'भेदभाव' में होता देख सकते हैं। इसे हम दलों में गाली के आदान-प्रदान में देख सकते हैं क्योंकि दी जाती गालियां भी उनकी 'रियलटी' को बदलने की ख्वाहिश से दी जा रही हैं।

इसके कई उदाहरण प्रकारांतर से हमारी पुरानी फिल्मों में देखे जा सकते हैं जहां एक बच्चे को बड़े होने तक बताया जाता रहता है कि उसके मां-बाप 'ये' हैं। फिर कोई दूसरा समझाने लगता है कि ये नहीं वो तुम्हारे माता-पिता हैं। नायक कंफ्यूज होकर सबसे पूछता फिरता है कि 'मैं कौन हूं'! इसी नाम से हॉलीवुड की दो और फिल्में 'हू एम आई' यानी 'मैं कौन हूं' नाम से आ चुकी हैं। इनमें भी एक सचाई के मुकाबले दूसरी सचाई गढ़ दी जाती है, और बंदा देर तक उसी कहानी को सही समझता रहता है, जो उसे बताई जाती रहती है। इन दिनों की राजनीति में हम 'गैसलाइटिंग' के कई प्रकार के प्रयोग देखते हैं। भारत के 'इतिहास लेखन' को लेकर यह बार-बार नजर आता है। यह कुछ के द्वारा एक नेता को 'पप्पू बनाने' और कुछ के द्वारा दूसरे नेता को 'फेंकू बनाने' में सामने आई है! कई उदाहरण आप स्वयं भी गिना सकते हैं।

# कमला बनाम उषा

वैश्विकी



डॉ. दिलीप चौबे

कांटे के टक्कर वाले राष्ट्रपति चुनाव में कई राज्य ऐसे हैं जहां बहुत कम मतों से हार जीत का फैसला होगा। इन राज्यों में भारतीय मूल के मतदाताओं के निर्णायक भूमिका हो सकती है। यही कारण है कि चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप भारतीय मतदाताओं को रिझाने की कोशिश कर रहे हैं

**अमेरिका** के राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय मूल के मतदाताओं पर इस बार दोनों राजनीतिक दलों की तरफ से विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस रोचक तथ्य की चर्चा हो रही है कि व्हाइट हाउस में या तो अमेरिका की प्रथम महिला अथवा अमेरिका की द्वितीय महिला भारतीय मूल की होगी। चुनाव में यदि डेमोक्रेटिक पार्टी जीतती है तो राष्ट्रपति के रूप में कमला देवी हैरिस देश की पहली महिला होंगी। यदि रिपब्लिकन पार्टी जीती है तो उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी देश की द्वितीय महिला होंगी।

कांटे के टक्कर वाले राष्ट्रपति चुनाव में कई राज्य ऐसे हैं जहां बहुत कम मतों से हार जीत का फैसला होगा। इन राज्यों में भारतीय मूल के मतदाताओं के निर्णायक भूमिका हो सकती है। यही कारण है कि चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप भारतीय मतदाताओं को रिझाने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों उम्मीदवारों ने भारतीय मतदाताओं को दिवाली की शुभकामनाएं दी है। ट्रंप ने अपने संदेश में हिन्दू मतदाताओं का समर्थन हासिल करने की कोशिश की है।

उनका रवैया इस्लामी उग्रवाद और जेहादी आतंकवाद के खिलाफ रहा है। दूसरी ओर कमला हैरिस ने बांग्लादेश की स्थिति पर कोई बयान नहीं दिया है। यह माना जाता है कि बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट में बाइडेन प्रशासन की भूमिका रही है। इतना ही नहीं अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को अमेरिका का कठपुतली माना जाता है। चुनाव सर्वेक्षणों से अभी यह स्पष्ट नहीं है कि जीत किसको मिलेगी। अनेक राज्यों में कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप को एक जैसा समर्थन दर्शाया जा रहा है। वर्ष 2016 के चुनाव में हेलरी क्लिंटन को बढ़त बताई जा रही थी, लेकिन अंततः जीत ट्रंप की हुई। यदि इतिहास अपने को दोहराता है तो डोनाल्ड ट्रंप के जीतने की अधिक संभावना है।

दुनिया भर में विश्लेषक इस बात का लेखा-जोखा ले रहे हैं कि अमेरिका में नया प्रशासन कैसी विदेश नीति अपनाता है। यदि कमला हैरिस जीतती हैं तो विदेश नीति में निरंतर कायम रहेगी। रूस के खिलाफ यूक्रेन को सैनिक और आर्थिक सहायता जारी रहेगी। साथ ही पश्चिम एशिया में थोड़े बहुत दिखावे के साथ नेतन्याहू सरकार को समर्थन जारी रहेगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि गाजा में नरसंहार और मानव त्रासदी को रोकने में किसी भी उम्मीदवार की दिलचस्पी नहीं है। इसके विपरीत उम्मीदवारों में इस बात की होड़ है कि कौन इस्राइल का ज्यादा हिमायती है।

यूक्रेन संघर्ष एक ऐसा विषय है जिस पर दोनों प्रतिस्पर्धी उम्मीदवारों में मूलभूत विरोध है। ट्रंप यूक्रेन संघर्ष के संबंध में रूस के प्रति सकारात्मक रूप अपनाते हैं। ट्रंप और उनके सलाहकारों का मानना है कि अमेरिका और चीन की चुनौती का सामना करने के लिए रूस के समर्थन की आवश्यकता है। वे रूस और चीन के बीच कायम गठजोड़ को तोड़ने की नीति अपनाई जाने की वकालत कर रहे हैं। वैसे किसी भी देश की विदेश नीति पूरी तरह व्यक्ति केंद्रित नहीं हो सकती। देश का सत्ता प्रतिष्ठान राष्ट्रीय हितों के अनुरूप नीतियों को आगे बढ़ता है। फिर भी राष्ट्रपति नीतियों को कुछ हद तक एक निश्चित दिशा दे सकता है।

बाइडेन प्रशासन ने अपने कार्यक्रम में दुनिया भर में अपने सहयोगियों के साथ नये गुट तैयार किए थे। इस दौरान पूरा यूरोप और कई तटस्थ देश रूस के खिलाफ लामबंदी में शामिल हो गए थे। इसी तरह पूर्व में एशिया में चीन के खिलाफ लामबंदी में जापान, दक्षिण कोरिया और फिलिपींस शामिल हो गए थे। ट्रंप प्रशासन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकारण हस्तक्षेल करने की नीति के खिलाफ रहा है। ट्रंप को समर्थन देने वाले रॉबर्ट कैनेडी और तुलसी गोबार्ड जैसी नेता हस्तक्षेप करने वाली विदेश नीति के घोर विरोधी हैं। नये प्रशासन में इन दोनों नेताओं को प्रमुख जिम्मेदारी सौंप जाने की संभावना है।

# हॉक्स कॉल्सः विशिष्ट कानून का अभाव

मुद्दा



इशान अहमद

**पिछले** 10 वर्षों में विमानन उद्योग को बड़ा वरदान मिला है। आज भारत का हर नागरिक, चाहे मध्यम वर्ग का हो या उच्च मध्यम वर्ग का, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई जहाज से यात्रा करने के लिए उत्सुक रहता है। पिछले 5 वर्षों में विमानन के माध्यम से घरेलू यात्रा को काफी फायदा हुआ है, और लोग अब हवाई जहाज से यात्रा करना पसंद करने लगे हैं, जो सुविधाजनक भी है, और समय की भी बचत करती है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले दस वर्षों में भारत में घरेलू एयरलाइन क्षमता लगभग दोगुनी हो गई है, और 2014-24 के बीच इसमें 6.9% की वार्षिक वृद्धि दर देखी गई है। चीन, अमेरिका जैसे सभी चार अन्य घरेलू बाजारों में भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार है। भारत में परिचालित हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 74 से दोगुनी होकर 2024 में 157 हो गई है। सरकार का इरादा 2047 तक इस संख्या को 350-400 तक बढ़ाने का है। भारत में विमानों की संख्या भी 2013-14 में 400 से 2014 में बढ़कर 710 हो गई है।

बढ़ते भारतीय विमानन उद्योग के साथ-साथ इसमें खतरे भी बढ़ रहे हैं। पिछले दो हफ्तों में सुरक्षा एजेंसियों ने देश भर में फर्जी कॉल के 400 मामले दर्ज किए हैं। बम धमकियों की एक श्रृंखला, जो फर्जी निकली, के बाद भारत का विमानन उद्योग उड़ान में व्यवधान के दुःस्वप्न से गुजर रहा है। सरकार ने नौ दिनों में 130 से अधिक फर्जी कॉल के बाद संकट प्रबंधन प्रयास शुरू किए हैं। 20 अक्टूबर को भारत में एयरलाइनों को 24 बम धमकियां मिलीं।

हॉक्स कॉलों पर भारी विवाद के बाद केंद्र सरकार ने फर्जी बम-धमकी वाले संदेशों और कॉल्स को गंभीरता से लेते हुए अब इस खतरे के पीछे के लोगों की पहचान करना शुरू कर दिया है, और मेटा और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से ऐसे संदेशों पर डेटा साझा करने को कहा है। भारत सरकार ने संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई), इंटरपोल से भी फर्जी कॉल करने वालों की पहचान करने में मदद करने को कहा है। फर्जी बम की धमकियों से चिंतित नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने 19 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली में एयरलाइंस के सीईओ और प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियमों की योजना बना रहा है। सबसे पहले फर्जी कॉल करने वालों को नो-फ्लाई सूची में डाला जा सकता है। भारत सरकार का नागरिक उड्डयन मंत्रालय एयरलाइनों पर बम की झूठी धमकियों की समस्या से निपटने के लिए विधायी विकल्प तलाशने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, केंद्रीय अधिकारियों के सामने विडंबना यह है कि देश में प्रचलित हॉक्स कॉल्स से निपटने के लिए कोई एक विशिष्ट कानून नहीं है। किसी भी दुर्घटना से निपटने के लिए केवल नियम-कानून प्रदान किए गए हैं, लेकिन अब हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। प्रतिबंधित संगठनों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए सरकारी संस्थाओं को खुलेआम चुनौती देना शुरू कर दिया है। सरकार को आपातकालीन आधार पर फर्जी कॉल्स के तेजी से बढ़ते इस मुद्दे से निपटने की जरूरत है, और किसी भी फर्जी कॉल या आम लोगों द्वारा देखी जाने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में शिकायत करने के लिए विशिष्ट हेल्पलाइन नंबरों को सार्वजनिक करना चाहिए। आम लोगों की जिम्मेदारी है कि हवाई अड्डों पर या उड़ान के दौरान भी सतर्क रहें और अपने आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि का आभास होने पर निकटतम अधिकारियों को सूचित करें।

# देश की गरीबी और भुखमरी का उद्धार संभव

वैज्ञानिक तकनीक



संजीव ठाकुर

**भारत** के विकास पर जनसंख्या का भारी दबाव है। उस पर उसके संसाधन तथा उत्पादन के संतुलन में 141 करोड़ की जनसंख्या भारी पड़ती है। देश में इतनी बड़ी जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संसाधन सीमित और न्यून हैं, इन परिस्थितियों में देश को अपने उपलब्ध कृषि, जल, खनिज तथा अन्य संसाधनों का अधिकतम दोहन कर आर्थिक स्थिति को द्रुत गति से सुधारना होगा और निस्संदेह इसके लिए हमें आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक एवं अन्य अनुसंधान का आवश्यक रूप से सहारा लेना होगा। तब जाकर हमारी आर्थिक स्थिति का संतुलन जनसंख्या के अनुपात में समानुपातिक हो पाएगा और गरीबी तथा भुखमरी से संपूर्ण रूप से न सही पर काफी हद तक निजात पाई जा सकती है। सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता। इसके कारण भुखमरी, कुपोषण और बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब व्यक्ति झेलता है। प्राचीन काल से ही उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख-दर्द हटाने के उचित उपाय करना निर्धारित किया गया है। अनेक अर्थशास्त्रियों ने अपने अलग-अलग मत और सिद्धांत प्रतिपादित किए हैं।

कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता का हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने की मुहिम जोर-शोर से चलने लगी, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है।

विज्ञान विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिम के कई देश साधनविहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने। विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके अधिक संसाधन समय लेते हैं। उसके परिणाम में कम उत्पादन, कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी बड़ी समस्या है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है

जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देख कर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है कि यह ऐसा देश है जिसके पास में न पर्याप्त प्राकृतिक साधन हैं, न ही सुरक्षित निवास स्थान। फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश न जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद सफल, समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है। निस्संदेह इसके पीछे विज्ञान-तकनीक का वृहद् तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ, एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, लेकिन वे आज भी गरीबी, पिछड़ापन नहीं हटा पाए। इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है।

विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिम के कई देश साधनविहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने। विज्ञान की तकनीक का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है। पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं, उसके परिणाम में कम उत्पादन, कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी बड़ी समस्या बन कर उभरा है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुका है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 141 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज का निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न भंडार भारतीयों के लिए उपलब्ध है। यह निस्संदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है, जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई हैं। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम, ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं।

विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है, लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक-राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीक से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील हैं। ई गवर्नेंस और स्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है। यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है।

### कोटा की खूबसूरत लोकेशन पर राजस्थानी गाने की शूटिंग

# 5 नवंबर को रिलीज होगा गाना; वेब सीरीज और फिल्मों के लिए भी कोटा आ रहा पसंद



**कोटा।** कोटा शहर, निर्माताओं को फिल्म और एलबम की शूटिंग के लिए लुभा रहा है। यहां पर अच्छी लोकेशन के चलते शूटिंग करने के लिए निर्माता कोटा की ओर रूख करने लगे है। हाल में यहां पर राजस्थानी गाने थानेदार पिया राजस्थानी की शूटिंग हुई है।

कोटा के ही रहने वाले अभिनेता महावीर बसवाल ,माही गहलोत ने इस गीत में अभिनय किया है। इस गीत को धनराज दाधीच ने लिखा है और आवाज़ महावीर बसवाल और शिखा माथुर ने दी है। यह गाना 5 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। बूंदी और कोटा की खूबसूरत लोकेशन में इस गीत का फिल्मांकन किया गया है। कोटा में रिवर फ्रंट बनने के बाद यहां की लोकेशन और भी बेहतर हुई है। कोटा अब धीरे-धीरे शिक्षा नगरी के साथ पर्यटन नगरी के रूप में भी अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। पूर्व में ही कई वेब सीरीज की शूटिंग यहां हो चुकी है। अब कई वेब सीरीज और बड़े पर्दे की फिल्म की तैयारी के लिए डायरेक्टर कोटा पहुंच रहे हैं।

हाल में साउथ फिल्मों के हीरो, डायरेक्टर एवं अन्य प्रोडक्शन टीम कोटा पहुंची और चंबल रिवर फ्रंट के नजारे को देखकर आश्चर्य चकित रह गई। उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसे नजारे कहीं और देखने को नहीं मिल सकते। एक्टर योगी खत्री ने बताया कि उन्होंने कई बड़े पर्दे की फिल्में की है और कई लोकेशंस पर काम किया है, लेकिन कोटा का चंबल रिवर फ्रंट रामोजी राव फिल्म की तरह ही लग रहा है। वहां पर केवल कृत्रिम रूप से सेटअप को जमाया गया है जबकि यहां पर स्थाई रूप से चंबल रिवर फ्रंट में बनाए गए मॉन्यूमेंट्स और यहां की चंबल माता देखने योग्य है।

### 18 साल पुराने मामले में दो बदमाश गिरफ्तार

## गांव में ही रहकर मजदूरी का काम कर रहे थे, चोरी के मामले में पकड़ा



**रामगंज मंडी।** रामगंजमंडी थाना पुलिस ने 18 साल पुराने मामले में फरार दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी गांव में ही रहकर मजदूरी का काम कर रहे थे। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से दोनों को गिरफ्तार किया। जहां उन्हें कोर्ट में पेश कर कोर्ट आदेश से जेल भेज दिया गया। कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि वांछित अपराधी, कच्ची शराब एवं मादक पदार्थो के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रामगंज मंडी सर्किल पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। रामगंज मंडी पुलिस ने टीम ने स्थाई वारंटी द्वारकालाल मेघवाल निवासी कोला थाना सुकेत को 18 साल पुराने मामले में और हेमराज मीणा निवासी बुज थाना रामपुरा जिला नीमच मध्यप्रदेश को 18 वर्ष के पुराने चोरी मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### 6.22 ग्राम स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

## आरोपी स्मैक पीने और बेचने का आदी, खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ



**करौली।** कैला देवी थाना पुलिस ने स्मैक एक सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 6.22 ग्राम स्मैक जब्त की है। पुलिस आरोपी से स्मैक की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपी स्मैक पीने और बेचने का आदी है।

कैला देवी थानाधिकारी ताराचंद ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक ब्रजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में फरार चल रहे अपराधियों, सामाजिक तत्वों के धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया को अभियान के तहत कैलादेवी थाना पुलिस ने स्मैक का जहर घोलने वाले नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 6.22 ग्राम स्मैक को जब्त किया है। थानाधिकारी ने बताया कि गश्त के दौरान सपोटरा रोड से मोहन (35) पुत्र सुवालाल मीणा निवासी कैलादेवी को गिरफ्तार कर स्मैक को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी स्मैक पीने और बेचने का आदी है। आरोपी के ऊपर पुलिस और डीएसटी टीम द्वारा काफी समय से लगातार नजर रखी जा रही थी। आरोपी द्वारा सपोटरा की तरफ से अपने परिचित से स्मैक को खरीद कर लाना बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खैराबाद में अनियंत्रित ट्रेक्टर ने दो को मारी टक्कर

## पड़ोसी ले गया था नया ट्रेक्टर चलाने के लिए, दो जने घायल



**रामगंज मंडी।** रामगंज मंडी में सवेरे एक अनियंत्रित ट्रेक्टर ने दो फलों का ठेला लगाने वाले जीजा-साले को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस पर दोनों को रामगंज मंडी हॉस्पिटल लाया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार खैराबाद बैरवा मोहल्ला निवासी रामदयाल बैरवा धनतेरस पर नया ट्रेक्टर लेकर आया था। सवेरे उसका पड़ोसी युवक अंकित बैरवा ट्रेक्टर चलाने के लिए ले गया। खैराबाद छप्पन भोग पर ट्रेक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और वहां लगे फलों के ठेले को टक्कर मार दी। जिससे ठेला लगा रहे शकील कुरैशी और साजिश कुरैशी उसके नीचे दब गए। आसपास के लोगों ने बड़ी मुश्किल से उन्हें बाहर निकाला। रामगंज मंडी थाना एसएचओ अशोक मीणा ने बताया कि हादसे में घायलों का इलाज जारी है। मौके से ट्रेक्टर चालक फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने ट्रेक्टर को जब्त कर लिया है।

## जैन समाज ने मनाया भगवान महावीर का मोक्ष कल्याणक

### श्रद्धालुओं ने चढ़ाया निर्वाण लाडू, मंदिरो में हुए धार्मिक कार्यक्रम



**आसपुर।** जैन समाज के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर के मोक्ष कल्याण को लेकर शुक्रवार को मंदिरो में निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया । कतिसौर के आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान महावीर के मोक्ष कल्याण को लेकर श्रद्धालुओं ने पंडित रामचंद्र के निर्देशन में भगवान महावीर का जलाभिषेक, केशर पूजा, पंचामृत अभिषेक, शांति धारा के साथ आदिनाथ पूजा, दस लक्षणि पूजा, सोलह कारण पूजा और पंच मेरु पूजा की गई। पूजा के बाद भगवान के अर्घ्य चढ़ाए गए।

इस अवसर पर अमरचंद जैन, गट्टू लाल जैन, अमृत लाल जैन, मोहन लाल जैन, रमेश जैन, महेंद्र जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं आसपुर के आदिनाथ जैन मंदिर, शांतिनाथ जैन मंदिर, बनकोड़ा के अजीत नाथ, रामगढ़ के आदिनाथ जैन मंदिर सहित कई कस्बों में जैन मंदिरों में भगवान महावीर का निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया।

# बागेश्वरधाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज बुधवार को आएंगे भीलवाड़ा, हनुमन्त कथा के लिए तैयारियां पूरी

## दादीधाम मंदिर से कथास्थल तक भव्य शोभायात्रा कल निकाली जाएगी

### श्री टेकरी के हनुमानजी कथा समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**द पुलिस पोस्ट**



**भीलवाड़ा।** विख्यात आध्यात्मिक गुरू व कथावाचक बागेश्वरधाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज के मुखारबिंद से छोटी हरणी हनुमान टेकरी स्थित काठिया बाबा आश्रम के महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में श्री टेकरी के हनुमानजी कथा समिति के तत्वावधान में 6 से 10 नवम्बर तक तेरापंथनगर के पास कुमुद विहार विस्तार में आरसीएम ग्राउंड कथास्थल पर श्री हनुमन्त कथा आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी। पांच दिवसीय आयोजन के तहत 8 नवम्बर को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बागेश्वरधाम सरकार का दिव्य दरबार लगेगा। श्री हनुमन्त कथा से पूर्व मंगलवार 5 नवम्बर को शाम 4 बजे दादीधाम मंदिर से कथास्थल तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें एक हजार आठ कलश सिर पर धारण किए मातृशक्ति भी शामिल होंगी। कथा आयोजन समिति की ओर से सोमवार दोपहर कथा ग्राउण्ड पर पत्रकार वार्ता में आयोजन से जुड़ी तैयारियों पर जानकारी दी गई। हनुमान टेकरी स्थित काठिया बाबा आश्रम के महन्त श्री बनवारीशरण काठियाबाबा ने बताया कि श्री हनुमन्त कथा श्रवण कराने के लिए बागेश्वरधाम सरकार पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री गुरूवार सुबह हेलिकॉप्टर से भीलवाड़ा पहुचेंगे। उनका आयोजन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष विधायक गोपाल खण्डेलवाल, संरक्षक प्रकाश छाबड़ा एवं संयोजक आशीष पोरवाल के नेतृत्व में श्री टेकरी के हनुमानजी कथा समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी पूरे समर्पित भाव से जुटे हुए है ओर समाज के सभी वर्गो का सहयोग इस आयोजन के लिए प्राप्त हो रहा है। विशेषकर छोटी हरणी के निवासियों का भी खूब सहयोग इस कार्यक्रम के लिए मिल रहा है। कथा समिति के अध्यक्ष विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने कहा कि कथा स्थल पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुजन बैठ सके इसकी व्यवस्था की गई है। करीब पौने दो लाख वर्ग फीट का विशाल डोम तैयार करने के साथ 40 से अधिक विशाल एलईडी भी लगाई जाएगी। दिल्ली से आए कारीगरों की टीम ने डोम तैयार किया है। भीलवाड़ा व अन्य स्थानों से बागेश्वरधामजी महाराज के दर्शन व कथा श्रवण के लिए आने वालों को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए समुचित प्रबंध किए गए है। अलग-अलग खण्ड बनाए जा रहे ताकि आगमन ओर निकलने में कोई परेशानी नहीं आए। वाहनों की पार्किंग की भी कथास्थल से जुड़े मार्गो पर पूरी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि कथा समिति द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया,राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी व डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चित्तौड़गढ़ सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी आदि को आमंत्रित किया जा चुका है। आयोजन में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी एवं नगर निगम महापौर राकेश पाठक सम्मानित अतिथि होंगे। प्रशासन व पुलिस के स्तर पर भी पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठन भी इस आयोजन के लिए सहयोग प्रदान कर रहे है। समिति के संरक्षक प्रकाश छाबड़ा ने बताया कि इस आयोजन को एतिहासिक सफलता मिले इसके लिए हमारी पूरी टीम दिनरात जुटी हुई है। हमारी भावना है कि भीलवाड़ा में यह ऐसा एतिहासिक आयोजन जिसकी चर्चा राजस्थान में ही नहीं पूरे हिन्दुस्तान में हो। हमे विश्वास है कि भीलवाड़ावासियों के सहयोग से ये ऐसा आयोजन साबित होगा जो अविस्मरणीय व यादगार बन जाएगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की समस्या व परेशानी नहीं आए इसके लिए कथास्थल पर पार्किंग व पेयजल आदि सुविधाओं का भी प्रबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर भी हमे पूरा सहयोग मिल रहा है। जिला प्रशासन व पुलिस के अधिकारी भी कथा ग्राउण्ड में आकर पूरी व्यवस्था देख चुके है। पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के संरक्षक त्रिलोकचंद छाबड़ा, प्रकाशचन्द छाबड़ा, महावीरसिंह चौधरी,कैलाशचन्द्र कोठारी, उमरावसिंह संचेती, सम्पतराज चपलोत, महासचिव श्यामसुंदर नौलखा, कोषाध्यक्ष राकेश दरक, उपाध्यक्ष कैलाशचन्द्र योगेश लड्ढा, चितवन व्यास, नवनीत सोमानी, राधेश्याम बहेड़िया, बनवारीलाल मुरारका, दिनेश नौलखा, मुकेश खण्डलेवाल,दिनेश बाहेती, सचिव हेमेन्द्र शर्मा,सहसचिव राजेन्द्र कचोलिया, संयुक्त सचिव दिलीप काष्ट, धर्मराज खण्डेलवाल, कांतिलाल जैन, उज्ज्वल जैन सहित समिति के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### बारुद के पटाखे से विस्फोट में बाप-बेटी घायल

## पिता की आंखों के पास पहुंचा बारुद का विस्फोट, बेटी भी झुलसी



**बीकानेर।** लूणकरणसर कस्बे में दीपावली पर बारूद के अवेध रूप से बने पटाखे चलाते समय विस्फोट हो गया। इस दौरान पिता-पुत्री झुलस गए। गंभीर अवस्था में दोनों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टर्स ने पीबीएम अस्पताल के लिए रैफर कर दिया।

टाइगर फोर्स प्रदेश अध्यक्ष महिपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि कस्बे के वार्ड 28 निवासी सूरेद्र पुत्र लिखमाराम कुम्हार उम्र 30 वर्ष रात 9 बजे अपने घर पर पटाखे चला रहे थे। इस दौरान विस्फोट होने से सुरेंद्र गंभीर घायल हो गया। उसके पास में ही खेल रही उसकी तीन वर्षीय बेटी मंजू पटाखे के बारूद से गंभीर घायल हो गई। बारूद से सुरेंद्र की दोनों आंखें व चेहरे पर चोट आई है। हाथ की एक अंगुली भी जल गई । घटना के बाद परिजनों ने घायलों अस्पताल पहुंचाया वहां से प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर ट्रॉमा सेंटर भर्ती करवाया है।

**बिना लाइसेंस बिक रहा है खुला बारूद :** लूणकरणसर बाजार में पटाखों की आड़ में खुल्लम खुल्ला बारूद बेचा जा रहा है। भास्कर एप ने दो दिन पहले ही बाजार में अवैध पटाखों की जगह जगह बड़े स्तर पर बिक्री का मामला उजागर किया था। प्रशासन ने आंखें नहीं खोली। आज भी लूणकरणसर बाजार में सबसे ज्यादा पटाखों की दुकानें व ठेले लगे हुएं नजर आ रहे हैं।

### लाइसेंस मात्र 17 दुकानों के पास

लूणकरणसर बाजार में बड़ी संख्या में दुकानों पर आतिशबाजी का सामान बिक रहा है। पटाखे ही पटाखे पोस्टर लगी दुकानें है। इनमें अधिकांश के पास लाइसेंस नहीं हे। दरअसल, प्रशासन ने महज सत्रह दुकानों को लाइसैंस दिए हैं लेकिन अस्थायी दुकानों की संख्या सौ से ज्यादा है।

# कोटा में पटाखों से पीएम 2.5 की वैल्यू ज्यादा रही : पिछले साल के मुकाबले इस बार दीपावली पर 25 से 30 प्रतिशत प्रदूषण बढ़ा




**कोटा।** कोटा में इस बार की दीपावली पर पॉल्यूशन ज्यादा देखने को मिला। लोगों ने खूब पटाखे फोड़े। जिसके चलते पिछले साल के मुकाबले 25 से 30 प्रतिशत प्रदूषण बढ़ा और पीएम 2.5 की वेल्यू ज्यादा रही। श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ केवल कृष्ण डंग ने बताया कि अलग अलग व्यवसायिक चौराहों का शाम 7 से रात 12 बजे तक एयर क्वालिटी इंडेक्स नापा गया है। पटाखों व आतिशबाजी के कारण रात के समय प्रदूषण के तय स्तर मानक से 10 से 12 गुना बढ़त देखने को मिली।

दीपावली पर रात के समय एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 से लेकर 800 तक रहा। जबकि पिछले साल AQI लेवल 200 से 600 के बीच रहा था। शहर में ऻ लेवल सबसे ज्यादा बोरखेड़ा फ्लाई ओवर के नीचे में रहा। यहां ट्रैफिक ज्यादा रहता है। बोरखेड़ा फ्लाईओवर के नीचे AQI लेवल 836 रहा। इसके बाद एसपी ऑफिस सर्किल पर 713, नमृता आवास पर 608,आदित्य आवास पर 600, गायत्री विहार पर 540, बजरंग नगर चौकी पर 513 AQI लेवल रहा। जबकि जवाहर नगर इलाके में पिछले साल के मुकाबले इस साल 30 प्रतिशत प्रदूषण कम रहा। यहां AQI लेवल 345 रहा। डॉ केवल कृष्ण डंग ने बताया कि खुली जगहो पर पटाखे चलाने पर कम प्रदूषण देखने को मिला जबकि संकरी जगहो पर प्रदूषण का स्तर बढ़ा। विज्ञान नगर,बोरखेड़ा फ्लाईओवर, एसपी ऑफिस सर्किल इलाके में पिछले साल के मुकाबले 25 से 30 प्रतिशत प्रदूषण बढ़ा।

### प्रदूषण के तय स्तर मानक

(पीएम 2.5) 50 तक अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक माना जाता है। 201 से 300 के बीच खराब माना जाता है। 401 से 500 के बीच गम्भीर श्रेणी में रखा जाता है।

## दुकान लगाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

### दो युवकों में हाथापाई , एक को मारा चाकू; पीबीएम में भर्ती

**बीकानेर।** बीकानेर में दीपावली से पहले दुकान लगाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। इस दौरान एक युवक ने दूसरे पर चाकू से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां अभी इलाज चल रहा है। घटना की एफआईआर सदर थाने में दर्ज हुई है। पुलिस के अनुसार- सदर थाना क्षेत्र के चौखूंटी एरिया में विवाद हुआ है। जहां खुशबू जनरल स्टोर के पास रात करीब आठ से नौ बजे के बीच दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि दो युवकों में हाथापाई हो गई।

इसी दौरान आसिफ पुत्र नजीर खान के चाकू लगा। वो घायल हो गया। काफी खून बह गया। उसे तुरंत पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर ले जाया गया। जहां उसे भर्ती करके इलाज किया जा रहा है। बेड नंबर 15 पर भर्ती आसिफ का इलाज अभी चल रहा है। उसके बयान के आधार पर सदर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### मैजिकपिन ने शुल्क घटाया

नई दिल्ली। ई-कामर्स ऐप मैजिकपिन ने मंच शुल्क घटाकर पांच रुपये प्रति डिलीवरी कर दिया है। कंपनी ने रविवार को बताया कि यह राशि इसके प्रतिस्पर्धियों के शुल्क के मुकाबले आधी है। जोमैटो और स्विगी ने लगभग दो सप्ताह पहले प्रति आपूर्ति प्लेटफार्म शुल्क में लगभग 42-67 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। मैजिकपिन के संस्थापक और सीईओ अंशु शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मौजूदा कैलेंडर वर्ष के लिए प्लेटफार्म शुल्क में कमी की घोषणा की। शर्मा ने कहा, 'हम त्योहारी सत्र के दौरान अपने आपूर्ति 'नायकों' और अपने ग्राहकों की भलाई के लिए एक संतुलन बना सकते हैं।

### मेरिल का नया सेंटर शुरू

नई दिल्ली। मेरिल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पीएलआई योजना के तहत मेरिल के अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल मौजूद रहे। मेरिल मेडिकल उपकरणों का प्रमुख निर्माता और निर्यातक है। कंपनी ने मेक इन इंडिया के तहत उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण बनाकर देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत किया है। इसके द्वारा भारत की विदेशों पर निर्भरता कम करने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान दिया जा रहा है। कंपनी के सीईओ विवेक शाह ने कहा 'हम भारत की आत्मनिर्भर स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि को साकार करने के लिए पीएलआई योजना के तहत मान्यता प्राप्त होने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

### सेबी का नया प्रस्ताव

नई दिल्ली। सेबी ने रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट), लघु एवं मझोले रीट (एसएम रीट) और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) को जोखिम से बचाव (हेजिंग) के लिए ब्याज दर डेरिवेटिव का इस्तेमाल करने की अनुमति देने का प्रस्ताव रखा है। नियामक ने प्रायोजकों और उनके समूहों के बीच स्थानांतरित करने के लिए रीट और इनविट के लिए 'लॉक-इन' यूनिट्स को मंजूरी देने का सुझाव भी दिया है। यह प्रस्ताव सूचीबद्ध कंपनियों में प्रवर्तकों के लिए नियमों के समान है, ताकि प्रायोजकों को निवेश से समझौता किए बिना अपनी हिस्सेदारी का प्रबंधन करने में मदद मिल सके।

### केनरा का कर्ज वसूली लक्ष्य

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में करीब 6,000 करोड़ रुपये के 'डूबे कर्ज' की वसूली का लक्ष्य रखा है। केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के. सत्यनारायण राजू ने कहा, 'हमें तीसरी तिमाही में लगभग 3,000 करोड़ रुपये और चौथी तिमाही में भी इतनी ही राशि की वसूली की उम्मीद है।' बैंक ने दूसरी तिमाही में 2,905 करोड़ रुपये की वसूली की है, जिसमें बट्टे खाते में डाले गए खातों से वसूली भी शामिल है। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह इस वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में आ सकता है।

### निवेश करेगी डीएलएफ

नई दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ गुरुग्राम में एक 'अल्ट्रा-लक्जरी' आवासीय परियोजना विकसित करने पर लगभग 8,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी का इरादा प्रीमियम या महंगे घरों की मजबूत मांग को भुनाने का है। पिछले महीने डीएलएफ ने सभी नियामकीय अनुमोदन प्राप्त करने के बाद गुरुग्राम के डीएलएफ-5 में अपनी इस 17 एकड़ की सुपर-लक्जरी आवासीय परियोजना 'द डहेलियाज' की पूर्व-पेशकश (प्री-लॉन्च) की थी जिसे ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। कंपनी इस परियोजना में लगभग 420 अपार्टमेंट विकसित करेगी। यह डीएलएफ की दूसरी बड़ी लक्जरी परियोजना होगी।

### सुपर वैल्यू डेज 7 नवम्बर तक

नई दिल्ली। अमेजन फ्रेश ने एक से सात नवंबर 2024 तक फेस्टिव सुपर वैल्यू डेज फेस्टिवल सुपर वैल्यू डेज पेश किया है। इस सेल में कई शानदार आफर्स की पेशकश की गई हैं। इस सेल में पारंपरिक मिठाइयां, ताजे फल, सब्जियां, स्नैक्स, पेय पदार्थ और रोजमर्रा की जरूरी चीजों सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर 45 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। ग्राहक डोरस्टेप डिलीवरी के साथ, आशीर्वाद, बीकाजी, पारले, दावत, टाटा संपन्न और डेटॉल जैसे भरोसेमंद ब्रांड्स के उत्पाद आकर्षक आफर पर खरीद सकते हैं। मौजूदा और नए दोनों तरह के ग्राहक अमेजन फ्रेश के फेस्टिव सुपर वैल्यू डेज के लाभ ले सकते हैं। (एजेंसियां)

# मुनाफा मार्जिन घटने से कीमतें बढ़ा सकती हैं एफएमसीजी कंपनियां

■ शहरी क्षेत्र की मांग घटने से कम हुआ मुनाफा ■ मुनाफे पर ऊंची मुद्रास्फीति का भी रहा असर ■ उत्पादन लागत बढ़ने से भी घटा है मुनाफा



**नई दिल्ली (भाषा)।**

रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनियों के मार्जिन में सितंबर तिमाही में ऊंची उत्पादन लागत तथा खाद्य मुद्रास्फीति की वजह से गिरावट आई है। इससे अंततः शहरी क्षेत्रों में खपत प्रभावित हुई है।

एफएमसीजी कंपनियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सामान मसलन पाम तेल, कॉफी और कोको के दाम बढ़ गए हैं। ऐसे में अब कुछ एफएमसीजी कंपनियों ने कीमतें बढ़ाने का संकेत दिया है।

हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल), गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल), मैरिको, आईटीसी और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने शहरी खपत में कमी पर चिंता जताई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, एफएमसीजी क्षेत्र की कुल बिक्री में शहरी खपत की हिस्सेदारी 65-68 प्रतिशत रहती है। जीसीपीएल के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुधीर सीतापति ने कहा, 'हमें लगता है कि यह एक अल्पकालिक झटका है।'

सिंथोल, गोदरेज नंबर-वन, हिट जैसे उत्पाद बेचने वाली जीसीपीएल ने भारत में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और उपभोक्ता मांग में कमी के बावजूद एक स्थिर तिमाही प्रदर्शन किया है। खास बात यह है कि ग्रामीण बाजार, जो पहले पीछे थे, ने शहरी बाजारों की तुलना में अपनी वृद्धि की रफ्तार को कायम रखा है।

डाबर इंडिया ने भी कहा कि सितंबर तिमाही में मांग का माहौल चुनौतीपूर्ण था, जिसमें 'उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और शहरी मांग में कमी' शामिल थी। डाबर च्यवनप्राश, पुदीन हरा और रियल जूस बनाने वाली कंपनी ने तिमाही के दौरान एकीकृत शुद्ध लाभ में 17.65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है और यह 417.52 करोड़ रुपये रहा है।

हाल ही में, नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने भी एफएमसीजी क्षेत्र में गिरावट पर चिंता जताई और कहा कि 'मध्यम खंड' दबाव में है क्योंकि उच्च खाद्य मुद्रास्फीति ने घरेलू बजट को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, 'अगर कंपनियों के लिए कच्चे माल की लागत का प्रबंधन मुश्किल हुआ तो इससे कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।

टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. (टीसीपीएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुनील डिसूजा ने कहा, 'मेरा मानना है कि खाद्य मुद्रास्फीति शायद हमारी सोच से अधिक है और इसका प्रभाव कहीं अधिक है।'

एचयूएल के सीईओ और प्रबंध निदेशक रोहित जावा ने कहा कि इस तिमाही में बाजार की मात्रा वृद्धि सुस्त रही है। इसी तरह, मैरिको ने भी मांग में सालाना आधार पर ग्रामीण क्षेत्र में शहरी क्षेत्र की तुलना में दोगुना वृद्धि दर्ज की है।

# मारुति को शादियों के बूते तेज वृद्धि बनी रहने की आस

**नई दिल्ली (भाषा)।** रिकार्ड बिक्री वाले अक्टूबर माह के पीछे छूटने के बाद अब देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) नवंबर में 'कुछ लाख शादियों' के बूते अपनी वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने की उम्मीद कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। कंपनी ने पिछले महीने 2,02,402 वाहनों की खुदरा बिक्री दर्ज की, जो किसी भी साल में अक्टूबर में बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इसकी वजह त्योहारी मांग रही। इससे पहले अक्टूबर, 2020 में कंपनी ने 1,91,476 वाहन बेचे थे। मारुति के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, 'हमें बताया गया है कि देशभर में नवंबर में 'कुछ लाख' शादियां होने वाली हैं। इसलिए उम्मीद है कि इससे हमें अपनी खुदरा बिक्री के मामले में भी अच्छी बढ़त मिलेगी।' वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या कंपनी अगले कुछ माह के दौरान त्योहारी सीजन की बिक्री की रफ्तार को कायम रख पाएगी।

उन्होंने कहा, 'हमें वास्तव में देखना होगा। लेकिन हमें लगता है कि इस बार नवंबर के महीने में काफी संख्या में शादियां हैं। शादियों के लिए दिनों की संख्या लगभग 11 या 12 दिन है जो अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।' त्योहारी सीजन के दौरान अच्छी बिक्री के बाद मारुति को चालू वित्त वर्ष में चार से पांच प्रतिशत की वृद्धि के अपने अनुमान के हासिल होने की उम्मीद है। बनर्जी ने कहा, 'अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में खुदरा बिक्री के मामले में हमारी वृद्धि लगभग चार प्रतिशत रही है। अक्टूबर में हमारी वृद्धि 22.4 प्रतिशत है। इस साल की शुरुआत में हमने चार से पांच प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। मेरा मानना है कि हमारी वृद्धि इसी के अनुरूप रहेगी।' बनर्जी ने कहा कि अक्टूबर में अच्छी बिक्री की वजह से कंपनी अपने बिक्री नेटवर्क में भंडारण के स्तर को कम करने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि हमने अपने नेटवर्क स्टॉक में 40,000 से अधिक इकाइयों की कमी की है। अब हमारा नेटवर्क स्टॉक लगभग एक महीने का है।

रियायतों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र दर क्षेत्र और बाजार दर बाजार अलग होता है। यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी जनवरी में मूल्य वृद्धि की योजना बना रही है, बनर्जी ने कहा, 'हमारी वित्त टीम इसकी समीक्षा कर रही है और मेरे लिए इसपर टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगा।'

## भारत पांच साल में पेट्रोलियम रत्न, चीनी निर्यात में वैश्विक 'खिलाड़ी' के रूप में उभरा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

पिछले पांच साल के दौरान भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पेट्रोलियम, रत्न, कृषि रसायन और चीनी जैसे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ी है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भारत ने 2018 और 2023 के दौरान इन क्षेत्रों में वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इसके अलावा इलेक्ट्रिकल सामान, न्यूमेटिक टायर, नल और वॉल्व, तथा सेमीकंडक्टर उपकरणों में भी हिस्सेदारी बढ़ी है।

मंत्रालय के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2023 में पेट्रोलियम निर्यात बढ़कर 84.96 अरब अमेरिकी डालर हो गया। इसके साथ ही वैश्विक व्यापार में भारत की बाजार हिस्सेदारी 2018 के 6.45 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12.59 प्रतिशत हो गई। इस श्रेणी में भारत पांचवें स्थान से बढ़कर दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक बन गया। कीमती पत्थरों के क्षेत्र में वैश्विक निर्यात में देश की हिस्सेदारी 2018 के 16.27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 36.53 प्रतिशत हो गई है। इस श्रेणी में देश वैश्विक व्यापार में दूसरे स्थान से शीर्ष पर आ गया। इसी तरह चीनी निर्यात 2018 के 93 करोड़ अमेरिकी डालर से बढ़कर 3.72 अरब डालर हो गया।

# बीमार आरआईएनएल को मिली पूंजी की डोज

■ कंपनी को चलती हालत में रखने के लिए सरकार ने डाले 1650 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सरकार ने परिचालन और वित्तीय मुद्दों से जूझ रही सार्वजनिक क्षेत्र की राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. (आरआईएनएल) में करीब 1,650 करोड़ रुपये डाले हैं। एक आधिकारिक दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

इस्पात मंत्रालय ने एक नोट में कहा गया है कि सरकार आरआईएनएल को चलती हालत में बनाए रखने के लिए कई उपाय कर रही है। दस्तावेज के अनुसार इस संबंध में भारत सरकार ने 19 सितंबर, 2024 को कंपनी में इक्विटी के रूप 500 करोड़ रुपये डाले हैं। इसके अलावा 27 सितंबर, 2024 को कंपनी को कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए 1,140 करोड़ रुपये का कर्ज दिया गया है।' इसमें यह भी कहा गया है कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एसबीआई कैपिटल को आरआईएनएल की व्यवहार्यता पर एक रिपोर्ट तैयार करने का काम सौंपा गया है।




इसमें कहा गया है, 'आरआईएनएल गंभीर वित्तीय संकट में है और इस्पात मंत्रालय वित्त मंत्रालय के परामर्श से आरआईएनएल को चालू हालत में बनाए रखने के लिए कई कदम उठा रहा है। इस्पात मंत्रालय के तहत आने वाली आरआईएनएल एक इस्पात निर्माण कंपनी है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में इसका 75 लाख टन का संयंत्र है। कंपनी गंभीर वित्तीय और परिचालन से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रही है। आरआईएनएल का कुल बकाया 35,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

जनवरी, 2021 में, मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने रणनीतिक विनिवेश के माध्यम से आरआईएनएल में सरकारी हिस्सेदारी के 100 प्रतिशत विनिवेश के लिए अपनी 'सैद्धांतिक' मंजूरी दी थी। इसे विशाखापत्तनम स्टील प्लांट या विजाग स्टील भी कहा जाता है। कंपनी के निजीकरण के सरकार के फैसले का श्रमिक संघों ने विरोध किया था।

# बुलेट ट्रेन : नदियों पर 12 पुल तैयार

■ अहमदाबाद - मुंबई कॉरिडोर के लिए नदियों पर बनने हैं कुल 20 ब्रिज

**अहमदाबाद (भाषा)।**



मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारे के लिए गुजरात में कुल 20 नदी पुल में से 12 का निर्माण पूरा हो गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारा कुल 508 किलोमीटर लंबा है।

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने कहा कि गुजरात के नवसारी जिले में खरेरा नदी पर 120 मीटर लंबा पुल हाल में पूरा हुआ। इसके साथ ही 12 पुल का निर्माण पूरा हो गया है। बुलेट ट्रेन परियोजना में गुजरात का 352 किलोमीटर और महाराष्ट्र का 156 किलोमीटर हिस्सा शामिल है। इसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भड़ूच, वडोदरा, आणंद/निडयाद, अहमदाबाद और साबरमती जैसे कुल 12 स्टेशन की योजना है।

## अपने उत्पादों में 60% रिसाइकिल सामग्री का इस्तेमाल करेगी जीएक्स

**नई दिल्ली (भाषा)।**

ब्रॉडबैंड उपकरण बनाने वाले जीएक्स समूह ने कहा कि कंपनी ने अगले दो साल में अपने उत्पादों में 60 प्रतिशत रिसाइकिल सामग्री इस्तेमाल करने का लक्ष्य रखा है।

जीएक्स समूह के सीईओ परितोष प्रजापति ने बताया कि भारत 2030 तक 11 करोड़ सक्रिय फाइबर लाइन के साथ दूसरा सबसे बड़ा फाइबर ब्रॉडबैंड बाजार बनने की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में दूरसंचार बुनियादी ढांचे के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को संभालना चुनौती है। प्रजापति ने कहा, 'भारत की जलवायु कार्रवाई का लक्ष्य 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन को हासिल करना है।

# सुनील लूला पर लगा 50 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मानदंडों के उल्लंघन से जुड़े एक मामले में इरोज इंटरनेशनल मीडिया के प्रवर्तक और पूर्व प्रबंध निदेशक सुनील अर्जन लूला पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

इससे पहले सेबी ने जून, 2023 में एक अंतरिम आदेश में धन की हेराफेरी की आशंका में इरोज इंटरनेशनल, लूला सहित पांच पक्षों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था। बाजार नियामक ने पाया कि सुनील लूला सेबी के निर्देशों का पालन करने में विफल रहे और उन्होंने इरोज इंटरनेशनल मीडिया के निदेशक पद से इस्तीफा नहीं दिया, और कथित तौर पर नियामक की न्यायिक कार्यवाही के आदेश का पालन भी नहीं किया।

इसके बाद, नियामक ने 22 अप्रैल, 2024 को सुनील लूला को कारण बताओ नोटिस जारी किया। सेबी ने कहा कि सुनील लूला के आचरण ने नियामक के प्रति पूर्ण अवहेलना दिखाई, जो पूरी तरह से अनुचित है। इसी के चलते यह जुर्माना लगाया गया है।

# बिजनेस स्कूल स्नातक कोर्स के आवेदनों में भारी उछाल




**नई दिल्ली (भाषा)।** आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद 2024 में बिजनेस स्कूल के स्नातक कोर्सेज के लिए कुल आवेदनों में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ग्रेजुएट मैनेजमेंट एडमिशन काउंसिल (जीएमएसी) की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले दो वर्षों से लगातार गिरावट के बाद यह वृद्धि हुई है। जीएमएसी के अनुसार बिजनेस स्कूल के भावी छात्रों के सर्वेक्षण में लगातार बढ़ती लागत को एक प्रमुख बाधा बताया गया। आंकड़ों का विश्लेषण करने से पता चला कि आवेदनों में उल्लेखनीय वृद्धि मुख्य रूप से पूर्णकालिक, व्यक्तिगत पेशकशों में नए सिरे से रुचि के चलते थी। इसमें 10 में से लगभग छह कार्यक्रमों ने आवेदन बढ़ने की सूचना दी। सर्वेक्षण में यह भी पता चला कि ऑनलाइन जैसे अधिक लचीले कार्यक्रमों की मांग भी अधिक है।

## प्रधानमंत्री से कपास आयात पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**मुंबई (भाषा)।**

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने केंद्र सरकार से कपास के आयात पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया कि इससे किसान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि कपास की खरीद 7122 रुपये के एमएसपी पर की जाए।

पीएम मोदी को लिखे पत्र में पटोले ने कहा कि कपास उत्पादन में महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र के 40 लाख से अधिक किसान कपास खेती करते है। राज्य में पर्याप्त उत्पादन के बावजूद 22 लाख गांठ कपास आयात की खबरें हैं। इससे देश में कपास मूल्यों में गिरावट आ सकती है।

# भारत में तकनीकी खर्च में कमी नहीं

## माइक्रोसाफ्ट के एआई टूल कोपायलट को लेकर चर्चाएं काफी ज्यादा : चंडोक

**नई दिल्ली (भाषा)।**

माइक्रोसॉफ्ट के भारत और दक्षिण एशिया अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने कहा कि उन्हें भारत में प्रौद्योगिकी खर्च में कोई मंदी नहीं दिख रही है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई के इर्दगिर्द काफी गतिविधियां हो रही हैं और माइक्रोसॉफ्ट के एआई टूल कोपायलट को लेकर बहुत चर्चा है। उन्होंने कहा कि कोपायलट के उपयोग मामलों में वृद्धि के साथ एआई सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में शामिल है।

चंडोक ने एक साक्षात्कार में बताया कि एआई के बारे में आम धारणा संदेह से उम्मीद में बदल गई है। कंपनी लगातार उन क्षेत्रों पर नजर रख रही है, जहां उसे निवेश करने की जरूरत है।

उन्होंने भारत को माइक्रोसॉफ्ट के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक बताया।



उन्होंने कहा कि भारत में प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए बहुत से अवसर हैं। चंडोक ने इस बात पर जोर दिया कि माइक्रोसॉफ्ट सभी विनियामक आवश्यकताओं और नए विकसित ढांचों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोपायलट एआई का पर्याय बन गया है और वह भारत में इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।

चंडोक ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट एक ऐसी शक्ति बनना चाहती है, जो भारत और दक्षिण एशिया को आगे बढाए।

# तकनीक बदलने से बीपीएम क्षेत्र की नौकरियों में भी हो रहा बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

तकनीकी प्रगति, ग्राहकों की बदलती मांग और नए इंगेज़मेंट मॉडलों के चलते भारत में बीपीएम उद्योग की नौकरियों में तेजी से बदलाव हो रहा है। इस क्षेत्र में विशेषज्ञ कौशल एवं नई भूमिकाओं की मांग पहले से काफी ज्यादा बढ़ चुकी है।

यह खुलासा इनडीड व नैसकॉम की संयुक्त रिपोर्ट 'बीपीएम शिफ्टिंग गियर्सः शेपिंग टोमॉरोज़ स्किल्स एंड करियर्स' में किया गया है। इस रिपोर्ट में बीपीएम संगठनों द्वारा पारंपरिक दैनिक कामों से आगे बढ़कर ज्यादा जटिल, रणनीतिक चुनौतियों ने निपटने पर जोर दिया गया है और उभरते हुए कौशलों की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

भारत में बीपीएम उद्योग स्थिर गति से बढ़ रहा है, जिसने वित्तवर्ष 2024 में 48.8 बिलियन डालर का राजस्व निर्मित किया था। यह प्रोसेस मैनेजमेंट से आगे बढ़कर एंड-टू-एंड ट्रांसफॉर्मेशन सॉल्यूशंस प्रदान करने की ओर परिवर्तित हो रहा है। फाइनेंस, अकाउंटिंग, और कस्टमर सर्विस जैसे कार्यों में टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन, मुख्यतः जनरेटिव एआई के उपयोग से तेजी आ रही है, जिससे उत्पादकता एवं कॉस्ट ऑप्टिमाईज़ेशन बढ़ रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार लगभग 45 प्रतिशत बीपीएम कंपनियां अपना 12 प्रतिशत राजस्व टेक्नोलॉजी पर खर्च करने की योजना बना रही हैं, तथा अगले 3 सालों में 20 प्रतिशत से ज्यादा खर्च करने वाली कंपनियों में 8 गुना वृद्धि होने का अनुमान है। इसके अलावा लोन प्रोसेसिंग, क्लेम प्रोसेसिंग, और राजस्व चक्र प्रबंधन




जैसे विशेष माईक्रो-वर्टिकल्स पर भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है। अगले 3 सालों में टेक्नोलॉजी द्वारा बीपीएम के क्षेत्र में नई नौकरियों के विकास में काफी तेजी आने की उम्मीद है।

नए पदों में फाइनेंस के क्षेत्र में डेटा साइंटिस्ट एनालिस्ट और एआई स्ट्रेट्जी डायरेक्टर, ह्यूमन रिसोर्स में एचआर डेटा साईंटिस्ट और चैटबॉट एचआर स्पेशलिस्ट तथा कस्टमर सर्विसेज़ में एआई कन्वर्सेशन डिज़ाइनर और वर्चुअल असिस्टेंट ट्रेनर की भूमिकाएं शामिल हैं। मौजूदा भूमिकाओं में भी विकास हो रहा है, और बीपीएम संगठनों द्वारा सर्टिफिकेशन और प्रशिक्षण द्वारा टेक्निकल क्षेत्रों, जैसे जनरेटिव एआई एवं एनालिटिक्स तथा सॉफ्ट स्किल्स में अपने कार्यबल का कौशल विकास किए जाने की जरूरत है।

उद्योग की जटिल चुनौतियों के समाधान के लिए डोमेन पर केंद्रित भूमिकाओं, जैसे लोन प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट और क्लेम स्पेशलिस्ट आदि की मांग भी बढ़ रही है, जिनके लिए 2 से 12 महीने तक के विशेषज्ञ सर्टिफिकेशंस की आवश्यकता है।

इस रिपोर्ट के बारे में श्री शशि कुमार, हेड ऑफ सेल्स, इनडीड इंडिया ने कहा, 'भारत में एआई और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के विकास के साथ बीपीएम सेक्टर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। दैनिक कामों का ऑटोमेशन होने के बाद अब विशेषज्ञ पदों की मांग बढ़ रही है, जिनके लिए जेन एआई, एनालिटिक्स और प्रोसेस ऑप्टिमाईज़ेशन में आधुनिक कौशल जरूरी होंगे।

काशी में निभाई 5,244 वर्ष पुरानी परंपरा

# 8 किमी की शोभायात्रा में महाकाली, महादेव संग निकले भूत-पिशाच

एजेंसी ▶▶ काशी

काशी में 8 किलोमीटर की गोवर्धन पूजा शोभायात्रा। महादेव और महाकाली के तांडव के साथ ही भूत-पिशाचों की टोली। कहीं



भालू, कहीं वानर तो कहीं शेरों का स्वरूप धारण किए कलाकार। किसी लाग विमान पर राधा-कृष्ण का रास तो कहीं गोपियों की टोली हर किसी का मन मोह रही थीं। यदुवंशियों ने गोवर्धन पूजा शोभायात्रा की 5,244 वर्ष पुरानी परंपरा निभाई। यादव समाज ने लहुराबीर से नमो घाट तक शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में पूर्वांचल के विभिन्न अखाड़ों के पहलवान, लंका, कतुआपुरा के मनरी कलाकार, डमरूवादक, हाथी, घोड़ा, डांडिया नृत्य, भगवान स्वरूप नृत्य, आग वाली जोड़ी, फर्री कलईया आकर्षण का केंद्र रही। गोवर्धन पूजा समिति की ओर से गोवर्धन पूजनोत्सव हुआ।

यादव समाज ने लहुराबीर से नमो घाट तक शोभायात्रा निकाली

इसमें पहलवान, कलाकार, डमरूवादक, हाथी-घोड़ा, डांडिया थे





यादव बंधुओं ने लाठी चलाने का शानदार प्रदर्शन किया। एक-दूसरे पर लाठी से वार की कला दिखाई।

**समाज की एकजुटता पर बल दिया**

मुख्य अतिथि सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि यादव समाज को शिक्षा में बहुत मेहनत करने की जरूरत है। यादव समाज एकजुट रहेगा तो उत्तरोत्तर उन्नति होती रहेगी।

### 10 लोगों को गोवर्धनश्री सम्मान दिया गया

अतिथियों ने समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए 10 लोगों को गोवर्धनश्री सम्मान प्रदान किया। इसमें न्याय के क्षेत्र में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. धर्मेंद्र यादव, प्रशासनिक क्षेत्र में राज्य हिंदी संस्थान निदेशक चंदना यादव, शिक्षा में गौरव यादव, चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. विजय यादव, शोध में डॉ.राम भरोस यादव, व्यापार में मून्नू यादव एवं कैलाश यादव, खेल क्षेत्र में पारंपरिक कुश्ती में बच्चे लाल यादव, डॉ. रामसेवक यादव, समाजसेवा में स्वामी रमेशानंद सरस्वती, विधि के क्षेत्र में हरिदास यादव को सम्मान दिया गया।



भगवान शिव की शोभायात्रा में शामिल भूत-पिशाच के साथ लोग सेल्फी लेते भी दिखे। कोई डांस करते दिखा तो कई महादेव के उद्घोष लगा रहे थे।



मां काली सहित अन्य देवी-देवताओं के रूप धारण कर कलाकार शोभायात्रा का प्रमुख हिस्सा बने रहे। इनका आशीर्वाद लेने और आरती उतारने का भी दौर चला।

## खबर संक्षेप

### कीर्ति नगर इलाके में आग, 2 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** कीर्ति नगर इलाके में रविवार तड़के फर्नीचर गोदाम में आग से दो लोगों की दम घुटने से



मौत हो गई। दोनों गोदाम के कर्मचारी थे और ऊपरी मंजिल पर स्थित कमरे में रहते थे। इनमें आजमगढ़ निवासी अतुल राय और गया निवासी नंद किशोर दुबे के रूप में हुई है। अतुल गोदाम में मजदूरी करता था और वहीं सोता था। नंद किशोर रिक्शा चलाता था।

### डायरेक्टर गुरुप्रसाद ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु।** लोकप्रिय कन्नड़ फिल्म निर्माता गुरुप्रसाद ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। निर्माता ने



सीलिंग फैन से लटककर आत्महत्या की। उनका शव उनके कर्नाटक स्थित घर में सड़ी-गली अवस्था में मिला है। फिल्म निर्माता का 52 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें 'एडेलु मंजूनाथ' और 'डायरेक्टर्स स्पेशल' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था।

### योगी को धमकी देने के मामले में महिला अरेस्ट

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक महिला



को हिरासत में लिया है। आरोपी महिला का नाम फातिमा खान है। महिला काफ़ी पढ़ी- लिखी है, मगर पुलिस सूत्रों के अनुसार मानसिक रूप से अस्थिर लग रही है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के वॉट्सएप नंबर पर शनिवार को एक अज्ञात नंबर से एक संदेश आया था।

### बच्चे के पेट से निकलीं 56 खतरनाक चीजें

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें 13 वर्षीय



किशोर के पेट से ऑपरेशन के दौरान 56 ऐसी वस्तुएं बरामद हुईं, जिसे देखकर डॉक्टर्स भी हैरान हैं। बच्चे की सर्जरी दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में की गई। डॉक्टरों ने बच्चे के पेट से कुल 56 वस्तुओं को बाहर निकाला। हालांकि बच्चे की जान नहीं बच सकी।

### पटाखे फोड़ रहे युवक को कार ने कुचला, मौत

**पिंपरी चिंचवड।** दिवाली के मौके पर सड़क पर पटाखे फोड़ रहे एक युवक को तेज रफ्तार कार ने



टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पिंपरी चिंचवड के रावेत में ये घटना हुई है। इस एक्सीडेंट का सीसीटीवी सामने आया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक का पता नहीं लगाया है, जिससे लोगों में काफी नाराजगी है। मृतक का नाम सोहम पटेल था।

केंद्रीय गृह मंत्री ने झारखंड में भाजपा का संकल्प पत्र सार्वजनिक किया

शाह का रण भाजपा के **25 प्रण**

# आदिवासियों की जमीन से घुसपैठियों को करेंगे बाहर और लागू करेंगे यूसीसी




एजेंसी ▶▶ रांची

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में धालभूमगढ़ स्थित घाटशिला में एक रैली को संबोधित किया। शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार पर जमकर निशाना साधा और आदिवासियों की जमीन घुसपैठियों को देने का आरोप लगाते हुए इसे रोकने के लिए सख्त कानून लाने तक का वादा किया। शाह ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण झारखंड में, खासकर संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों में आदिवासी आबादी में भारी गिरावट आ रही है। झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन राजनीतिक फायदे के लिए इसे बढ़ावा दे रहा हैं।

## झारखंड में चुनाव व्यवस्था में बदलाव लाएंगे, आदिवासियों को दिलवाएंगे हक

### 'माटी, बेटी और रोटी' पर अब नहीं होगा हमला

शाह ने कहा कि हमारी 'माटी, बेटी, रोटी' पर हमला हो रहा है। भाजपा इसे जारी नहीं रहने देगी। हम आदिवासियों की जमीन को घुसपैठियों को हस्तांतरित होने से रोकने के लिए सख्त कानून लाएंगे। हम उनके द्वारा हड़पी गई जमीन भी वापस ले लेंगे और उन्हें बाहर निकाल देंगे। शाह ने रैली के दौरान कहा कि झारखंड में चुनाव व्यवस्था में बदलाव लाने और झामुमो को गरीब आदिवासियों के लिए निर्धारित धन को हड़पने से रोकने के लिए लड़ा जाएगा।



रैली निकाल इंडी गठबंधन पर किया हमला

**झामुमो को बताया भ्रष्ट पार्टी**

शाह ने कहा कि 'झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव व्यवस्था में बदलाव लाने के लिए लड़ा जाएगा ताकि भ्रष्ट झामुमो को गरीब आदिवासियों के लिए निर्धारित धन हड़पने से रोका जा सके। भाजपा अगले पांच वर्षों में झारखंड से पलायन रोक देगी। भाजपा ही राज्य का विकास सुनिश्चित कर सकती है।

### 5 लाख रोजगार पैदा करेंगे

शाह ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो झारखंड में 2.87 लाख सरकारी नौकरियों सहित रोजगार के पांच लाख अवसर पैदा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में पेपर की सीबीआई और एसआईटी से जांच कराई जाएगी और दोषियों को दंडित किया जाएगा।

### ओबीसी आरक्षण पर भी किया वादा

गृहमंत्री शाह ने कहा कि भाजपा झारखंड में अन्य जातियों को प्रभावित किए बिना ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करेगी। उन्होंने झामुमो पर नक्सलियों के समर्थन का आरोप लगाते हुए कहा कि झामुमो ने नक्सलवाद का समर्थन किया, केंद्र की भाजपा सरकार ने इसे समाप्त कर दिया।

### महिलाओं को 2,100 रुपए महीने बेरोजगारों को देंगे 2,000 रु. प्रति माह

शाह ने झारखंड में महिलाओं के लिए 'गोगो दीदी योजना' शुरू करने की बात कही है। सरकार बनने पर हर महीने की 11 तारीख को महिलाओं को 2,100 रुपए सरकार बनने पर मिलेगा। वहीं दीपावली और रक्षाबंधन पर एक-एक गैस सिलेंडर मुफ्त मिलेगा और 500 में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। भाजपा ने झारखंड में 5 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन करने की बात कही है। वहीं 3 लाख सरकारी पदों पर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भर्ती करने की बात कही है। बेरोजगार युवाओं को 2,000 रुपए हर महीने देंगे। हर गरीब को पक्का मकान भी देंगे।

### शाह का वादा जनजातीय समुदाय यूसीसी से रहेगा बाहर

शाह ने कहा कि भाजपा झारखंड में सत्ता में आई तो राज्य में यूसीसी लागू की जाएगी, लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। शाह ने घोषणा की कि राज्य में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों का पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा। भाजपा सरकार 'सरना धर्म कोड के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी और उचित निर्णय लेगी।

सीएम सोरेन ने किया ऐलान

# हमारी सरकार आई तो अब हर माह देंगे 7 किलो राशन

भाजपा सरकार पर साधा निशाना



**एजेंसी,रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का शोर तेज होने लगा है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल जमकर जनता को लुभाने के लिए वादे कर रहे हैं। अब सीएम हेमंत सोरेन ने एलान किया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा यानी जेएमएम के नेतृत्व वाले गठबंधन के सत्ता में आने पर लोगों को हर महीने 7 किलो राशन मिलेगा। सोरेन ने रविवार को वादा करते हुए कहा कि अगर जेएमएम के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में आया तो पेंशन राशि भी बढ़ाई जाएगी।

### भाजपा पर लगाए ये आरोप

सोरेन ने आरोप लगाया कि झारखंड में भाजपा शासन के दौरान 11 लाख राशन कार्ड और 3 लाख पेंशन रद्द कर दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप भूख के कारण कई आदिवासी, दलितों की मौत हो गई। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि मुझे गर्व है कि भाजपा के शासन में जहां भूख से मौतें एक आम समस्या बन गई थी, जिससे राज्य के गरीब और वंचित वर्ग को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। भोजन, पेंशन और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव था, जिससे लोगों की जीवन गुणवत्ता पर गहरा प्रभाव पड़ा।

### अबुआ सरकार ने योजनाओं को लागू किया

उन्होंने कहा कि हर झारखंडी को उनके हक के अनुसार राशन, पेंशन, और पोषण मिल रहा है, जिससे वे अपने परिवार की बुनियादी जरूरतें पूरी कर पा रहे हैं। अबुआ सरकार ने राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया है, जिससे झारखंड के लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है और उन्हें एक नई उम्मीद मिली है।'

### केंद्र ने कई गलत कदम उठाए

सोरेन बताया कि भाजपा ने अपने शासन में क्या कुछ गलत कदम उठाए? उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 10 साल में मध्याह्न भोजन और आंगनवाड़ी में बच्चों का बजट आधा किया, केंद्रीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का बजट 40 प्रतिशत कम किया, झारखंड के 40 लाख गरीबों को राशन से वंचित रखा। केंद्र ने मजदूरों के जीवनरेखा मनरेगा को आईसीयू में डाल दिया। वहीं, खाना खाने के लिए आधार अनिवार्य करके गरीबों के पेट पर सीधा वार किया। साथ ही झारखंड की भाजपा राज में 11 लाख राशन और 3 लाख पेंशनों को रद्द किया गया।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा

# भाजपा ने सुनील को विपक्षी नेता नरेंद्र को उपाध्यक्ष प्रत्याशी बनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने पैडर नागसेनी के विधायक सुनील शर्मा को



विधानमंडल पार्टी का नेता चुना है और वे जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्य करेंगे। पार्टी के प्रवक्ता ने बताया कि सुनील शर्मा की नियुक्ति से भाजपा ने विपक्ष में अपनी स्थिति को मजबूत करने का निर्णय लिया है। सुनील शर्मा, जो एक अनुभवी और प्रभावशाली नेता हैं, को इस अहम भूमिका में देखकर पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है कि वे विपक्ष का प्रभावी नेतृत्व करेंगे। पार्टी ने नरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार के रूप में चुना है। उनकी नियुक्ति भी पार्टी के लिए अहम है। इन नियुक्तियों के साथ, भाजपा अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है। पार्टी नेतृत्व ने इन नेताओं की क्षमताओं पर विश्वास जताया है।

## भाई दूज तू ही तो अभिमान है



**दक्षिण दिनाजपुर।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास महिलाओं ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के साथ भाई दूज त्योहार मनाया।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आरोपों का दौर तेज

आव्हाड ने साधा अजित पर निशाना

# अगर तुम मर्द की औलाद थे तो कोई नया निशान ढूंढ लेते, घड़ी क्यों चुराई

## पार्टी का नया चिह्न लेने की हिदायत दी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार जारी है। इस बीच एनसीपी (शरद पवार गुट) के नेता जितेंद्र आव्हाड ने एक कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अजित पर निशाना साधते हुए कह दिया कि अगर उनमें हिम्मत थी तो वह अपनी नई पार्टी खड़ी करते। उन्होंने तो अपने चाचा शरद पवार की पार्टी चोरी कर ली। आव्हाड ने कहा कि एनसीपी किसकी पार्टी थी, शरद पवार की थी। एनसीपी पॉकेटमारो की टोली है।

### आपने पहले 'साहब' को खुश किया अब मुझे खुश करें: अजित

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बारामती के लोगों से अपील की कि वे आगामी राज्य चुनावों में उनका समर्थन करें, ठीक उसी तरह जैसे उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में 'साहब' को खुश किया था, वे अपने चाचा शरद का जिक्र कर रहे थे? उन्होंने लोगों को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। पिछली जुलाई में अजित पवार और कई अन्य एनसीपी नेता राज्य में एकनाथ शिंदे-भाजपा सरकार में शामिल हो गए, जिससे शरद की पार्टी में विभाजन हो गया।

उपचुनावः प्रियंका गांधी ने वायनाड में किया रोड शो

# जनता से फिर समर्थन मांगा, भाई के संघर्ष का भी जिक्र किया

## भावनात्मक बातों के जरिए लोगों से सहयोग की अपील की

एजेंसी ▶▶ वायनाड

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड में एक रोड शो किया, जहां उन्होंने लोगों से बात करते हुए अपने भाई राहुल गांधी के चुनावी संघर्ष का जिक्र किया। प्रियंका ने कहा कि पांच साल पहले, जब राहुल वायनाड से चुनाव लड़े थे, तब उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था।

भाजपा और प्रधानमंत्री की ओर से चलाए जा रहे एक कैम्पेन ने राहुल की छवि को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने की कोशिश की थी। वे उनके प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हैं क्योंकि जनता ने उस कठिन समय में राहुल का समर्थन किया। प्रियंका ने भावनात्मक बातों के जरिए वायनाड के लोगों से फिर से समर्थन की अपील की।

### राहुल की मेहनत को नजरअंदाज न करें



उन्होंने कहा कि आपने जो प्यार और समर्थन उन्हें दिया, उससे उन्हें हिम्मत मिली। जब सबने उनसे मुंह मोड़ लिया था, तब आपने उन्हें परिवार की तरह अपनाया। प्रियंका ने यह भी कहा कि राहुल हमेशा देश के लिए और सच्चाई के लिए लड़ते रहे हैं। इसलिए उनकी मेहनत और संघर्ष को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

**राहुल ने प्रियंका की तारीफ की**

राहुल ने कहा कि आरोपी नलिनी से मिलने के बाद प्रियंका ने मुझसे कहा मुझे उसके लिए बुरा लग रहा है। राहुल ने कहा कि प्रियंका को यही शिक्षा मिली है। यह उस प्रकार की राजनीति है जिसे भारत में करने की आवश्यकता है। भारत में नफरत नहीं बल्कि प्यार की राजनीति करने की आवश्यकता है।

### मेरे पिता की हत्या की आरोपी से गले मिली थीं प्रियंका: राहुल

प्रियंका और नेता विपक्ष राहुल ने वायनाड में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने प्रियंका गांधी से जुड़े किस्से को शेयर किया। राहुल ने प्रियंका के बचपन की पुरानी यादें शेयर करते हुए कहा कि प्रियंका वही इंसान हैं, जिन्होंने उसे लड़की को गले लगाया था जो मेरे पिता की हत्या में फंसी थी।

कोलकाता में दरिंदगी और हत्या का केस

# सीबीआई को मेडिकल कॉलेज में मिले साजिश के अहम सबूत

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में महिला डॉक्टर से दरिंदगी की घटना में सीबीआई जांच में कुछ बड़े संकेत मिले हैं। घटना पूर्व नियोजित थी।

सीबीआई के अनुसार जांच में जो तथ्य मिल रहे हैं, उससे प्रतीत हो रहा है कि अस्पताल में व्याप्त आर्थिक भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होने के डर से इस वारदात को अंजाम दिया गया था। आर्थिक भ्रष्टाचार के पीछे एक बड़ी साजिश है और इसमें राजनीतिक रूप से प्रभावशाली कई लोगों का हाथ होने का अनुमान है।




कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष व टाला थाने के पूर्व ओसी अभिजीत मंडल के मोबाइल फोन की फारेंसिक जांच में सबूतों को मिटाने में उनकी सक्रिय भूमिका के प्रमाण मिले हैं। सीबीआई की ओर से अदालत में जो चार्जशीट जमा की गई है, उसमें सिविक वॉलंटियर संजय राय को ही एकमात्र मुख्य आरोपित बताया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बंद हुए केदारनाथ, यमुनोत्री के कपाट



**देहरादून।** केदारनाथ और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट रविवार को भाई दूज के अवसर पर वैदिक अनुष्ठानों के बीच बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों, मंदिर समिति और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। केदारनाथ मंदिर सुबह 8:30 बजे और यमुनोत्री मंदिर दोपहर 12:05 बजे बंद कर दिए गए। दोनों मंदिरों के कपाट बंद होने के बाद केदारनाथ में भगवान शिव और यमुनोत्री की अधिष्ठात्री देवी यमुना की मूर्तियां पालकियों में सवार करके इनके शीतकालीन निवास उखीमठ और खरसाली भेजी गईं। हिमालयी मंदिर के कपाट बंद होने का समारोह देखने के लिए 18,000 से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ पहुंचे।

### सुकमा : नक्सलियों का पुलिसकर्मियों पर हमला

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में एक साप्ताहिक बाजार में सादे कपड़ों में आए नक्सलियों ने धारदार हथियारों से हमला कर दो पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया। हमले के बाद नक्सली दोनों पुलिसकर्मियों की सरकारी राइफल भी छीन ले गए। घटना उस समय की है जब पुलिसकर्मी जगरगुंडा गांव के बाजार में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे।

### हावड़ा मेल के डिब्बे में धमाका, चार घायल



**चंडीगढ़।** पंजाब के फतेहगढ़ जिले में सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास हावड़ा मेल के सामान्य श्रेणी के एक डिब्बे में हुए धमाके में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात साढ़े 10 बजे की है, जब अमृतसर से हावड़ा जा रही ट्रेन के एक डिब्बे में पटाखों से भरी एक प्लास्टिक की बाल्टी में धमाका हुआ। इस घटना में एक महिला समेत चार यात्री घायल हो गए। घायलों को फतेहगढ़ साहिब के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

# सत शर्मा जम्मू-कश्मीर भाजपा के नए अध्यक्ष



सत शर्मा

■ रैना को कार्यकारिणी में जगह

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** भाजपा ने वरिष्ठ नेता सत शर्मा को रविवार को पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। वह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना की जगह लेंगे।

भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने सत शर्मा को टिकट नहीं दिया था। इसके बाद उन्हें प्रदेश इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।

रैना को इस बार विधानसभा चुनाव में नौशेरा से हार का सामना करना पड़ा था। लंबे समय तक प्रदेश अध्यक्ष रहे रैना को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। दोनों नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई में यह बदलाव रविवार को होने वाली पार्टी विधायक दल की बैठक से कुछ घंटे पहले किया गया है।

# राजधानी में फिर सांसें संकट में, AQI 400 के पार

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली में रविवार को समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 382 दर्ज किया गया, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। यह देश में वायु गुणवत्ता का सबसे खराब स्तर था। आंकड़े के अनुसार, दिल्ली के 15 निगरानी स्टेशन में वायु गुणवत्ता का स्तर को 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया, जहां एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में अब तक रात का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया क्योंकि सुबह और शाम के समय घने कोहरा और धुंध छाई रही। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.2 डिग्री कम है। राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का औसत एक्यूआई 382 दर्ज किया गया, जबकि पिछले दिन यह 316 रहा था।



**सायं 7.20 बजे का AQI**

**आनंद विहार :** AQI **426**
पीएम 2.5- 426, पीएम 10- 423

**बवाना :** AQI **404**
पीएम 2.5- 404, पीएम 10- 323

**विवेक विहार :** AQI **404**
पीएम 2.5- 400, पीएम 10- 325

**बुराड़ी क्रासिंग :** AQI **395**
पीएम 2.5- 395, पीएम 10-313

दिल्ली के आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना, द्वारका, जहांगीरपुरी, मुंडका, एनएसआईटी द्वारका, नजफगढ, नेहरू नगर, ओखला फेज 2, पटपड़गंज, पंजाबी बाग, रोहिणी, वजीरपुर और विवेक विहार में एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। देश के अन्य हिस्सों एक्यूआई कई जगह 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया, हालांकि वहां एक्यूआई तब भी राजधानी से बेहतर है। तेलंगाना के बहादुरपुरा में वायु गुणवत्ता 335, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 302, नोएडा में 313 और हरियाणा के सोनीपत में 321 रहा। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बेहद खराब' माना जाता है।

# श्रीनगर : संडे मार्केट में ब्लास्ट

## आतंकी हमले में 12 से अधिक पैदल यात्री व दुकानदार घायल

■ आतंकियों ने सीआरपीएफ के वाहन पर फेंका था ग्रेनेड पर निशाना चूकने से सड़क पर फटा

■ फारूक ने कहा, इन हमलों के लिए जिम्मेदार एजेंसी का पता लगाने के लिए हो जांच



**श्रीनगर (एजेंसियां)।** श्रीनगर में रविवार दोपहर आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के एक वाहन पर ग्रेनेड फेंका, लेकिन निशाना चूक गया और ग्रेनेड सड़क पर फट गया। इस हमले में करीब 12 से अधिक पैदल यात्री और दुकानदार घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात आतंकवादियों ने श्रीनगर शहर में टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर (टीआरसी) क्रॉसिंग के पास सीआरपीएफ के मोबाइल बंकर वाहन पर ग्रेनेड फेंका। एक अधिकारी ने बताया, 'ग्रेनेड का निशाना चूक गया और वह सड़क पर फट गया, इससे 12 से अधिक नागरिक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और तलाशी के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

वरिष्ठ पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।' बता दें कि जिस जगह ग्रेनेड फटा, वहां 'संडे मार्केट' (गर्म कपड़े, कंबल, जैकेट, बर्तन, क्रॉकरी, जूते आदि बेचने वाले फेरीवाले) के कारण खरीदारी करने वालों की भीड़ लगी रहती है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, पिछले कुछ दिनों में घाटी हमलों और मुठभेड़ों की सुर्खियों में हैं। श्रीनगर के 'संडे मार्केट' में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द हमलों की इस लहर को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि लोग बिना किसी डर के अपना जीवन जी सकें।' बता दें कि ग्रेनेड हमले के एक दिन पहले श्रीनगर के खानयार इलाके में भीषण गोलीबारी में पाकिस्तानी 'लश्कर-ए-तैयबा' के टॉप कमांडर उस्मान भाई उर्फ छोटा वलीद की मौत हो गई थी और चार सुरक्षाकमी घायल हो गए थे।

पिछले महीने, आतंकवादियों ने गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में एक श्रमिक शिविर पर हमला करके छह बाहरी श्रमिकों और एक स्थानीय डॉक्टर की हत्या कर दी थी।

25 अक्टूबर को, आतंकवादियों ने बारामूला जिले के गुलमर्ग स्की रिसोर्ट के बोटा पाथरी इलाके में सेना के तीन जवानों और दो नागरिक कुलियों की हत्या कर दी थी। 1 नवंबर को आतंकवादियों ने बडगाम जिले के मागम इलाके के मजहामा गांव में दो गैर स्थानीय लोगों पर गोलीबारी की थी। लगातार हो रहे आतंकी हमले को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने आरोप लगाया है कि ये हमले उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली राजनीतिक सरकार को अस्थिर करने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने इन हमलों के लिए कौन सी एजेंसी जिम्मेदार है, इसका पता लगाने के लिए स्वतंत्र जांच की मांग की है।

### हमले रोकने का प्रयास करें सुरक्षा तंत्र : उमर



**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यहां एक रविवार बाजार में हुए ग्रेनेड हमले की निंदा करते हुए कहा कि सुरक्षा तंत्र को आतंकी हमलों में वृद्धि को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। शहर के मध्य में स्थित भीड़-भाड़ वाले बाजार के पास सीआरपीएफ के एक बंकर की ओर आतंकियों द्वारा ग्रेनेड फेंके जाने से 11 लोग घायल हो गए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर कहा, पिछले कुछ दिनों से घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ की खबरें चर्चा में रही हैं। रविवार बाजार में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की आज की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता।

## टेस्ट क्रिकेट में भारत की शर्मनाक हार

# न्यूजीलैंड ने 3-0 से किया सफाया



शुभमन गिल (जर्सी नं. 77) का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी प्रकट करते न्यूजीलैंड के एजाज पटेल।

**मुंबई (भाषा)।** जब भारत के विश्व स्तरीय बल्लेबाज नौसीखिए नजर आ रहे थे तब न्यूजीलैंड ने इसका फायदा उठाकर तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही रविवार को 25 रन से जीत दर्ज करके तीन मैच की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर इतिहास रच दिया। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 174 रन बनाकर भारत के सामने 147 रन का लक्ष्य रखा लेकिन कई दिग्गज बल्लेबाजों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के लिए यह पहाड़ जैसा बन गया। ऋषभ पंत की 64 रन की साहसिक पारी के बावजूद भारतीय टीम 29.1 ओवर में 121 रन पर ढेर हो गई।

**रोहित बोले, यह मेरे कॅरियर का सबसे बुरा दौर :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से मिली निराशाजनक हार को अपने कॅरियर का सबसे बुरा दौर बताया और टेस्ट सीरीज में मिली हार की पूरी जिम्मेदारी ली। रोहित ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'इस तरह का प्रदर्शन मेरे कॅरियर का सबसे बुरा दौर होगा और मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।' उन्होंने कहा कि घरेलू मैदान पर इस तरह से टेस्ट सीरी गंवाने को 'आसानी से पचाया' नहीं जा सकता है।

(विवरण पेज-12)

**नहर किनारे सजाए घाट:**

## छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर,डेढ सौ से दो सौ परिवार करेंगे तीन पुली पर छठ पूजा

**श्रीगंगानगर**

दिवाली के बाद छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई। बाजार में गन्ना, केला, टोकरी, धूप, अगरबत्ती, चावल का आटा आदि की खरीदारी शुरू हो गई। छठ पूजा की शुरूआत मंगलवार से होगी। बुधवार को खराना होगा और गुरुवार को छिपते सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा। पर्व की शुरूआत में दो दिन शेष रहते पूर्वांचल मूल के शहर के लोगों ने तीन पुली स्थित नहर पर पूजा के लिए स्थान निर्धारित कर लिए। यहां घाट तैयार कर रहे युवकों ने बताया कि नहर के दोनों तरफ डेढ सौ से दो सौ परिवार पूजा करेंगे। ऐसे में अपने-अपने परिवार के लिए घाट तैयार किए जा रहे हैं। सड़क से थोड़ी सी ऊंचाई पर मिट्?टी से चौकी बनाई जा रही है। इस पर गुलाल या फूल आदि डालकर इसे अलग पहचान दी जा रही है। गुरुवार को इसी घाट पर छिपते सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा। मिथिलांचल समाज के राजलाल ने बताया कि मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरूआत होगी।

## झारखंड विधानसभा चुनाव

# सत्ता में आए तो राज्य में लागू करेंगे यूसीसी



■ गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया चुनावी घोषणा पत्र

**रांची (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को घोषणा की कि अगर भाजपा झारखंड में सत्ता में आई तो राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी, लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। शाह ने झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा का घोषणापत्र- 'संकल्प पत्र' जारी करते हुए घोषणा की कि राज्य में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों का पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा। शाह ने रांची में कहा, ''हमारी सरकार झारखंड में समान नागरिक संहिता लागू करेगी, लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। झामुमो सरकार इस झूठ का प्रचार कर रही है कि यूसीसी से आदिवासियों के अधिकार और संस्कृति प्रभावित होगी। यह पूरी तरह निराधार है, क्योंकि उन्हें इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा।''

उन्होंने कहा, ''यदि भाजपा झारखंड में सत्ता में आती है तो वह 'सरना धर्म कोड' के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी और उचित निर्णय लेगी। झारखंड में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों के पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा। शाह ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो झारखंड में 2.87 लाख सरकारी नौकरियों सहित रोजगार के पांच लाख अवसर पैदा किए जाएंगे। झारखंड में 'प्रश्न पत्र लीक' की सीबीआई और एसआईटी से जांच कराई जाएगी और दोषियों को दंडित किया जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा झारखंड में घुसपैठियों से जमीन वापस लेने और अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें निर्वासित करने के लिए कानून लाएगी।

# सीएम योगी को धमकी देने वाली युवती मुंबई से गिरफ्तार



**मुंबई (भाषा)।** मुंबई पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी भरा संदेश भेजने के आरोप में एक युवती को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपी युवती की पहचान फातिमा खान (24) के रूप में की गई है, वह अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर इलाके में रहती है।

अधिकारी ने बताया कि उसने सूचना प्रौद्योगिकी में बीएससी की है। उसके पिता का लकड़ी का कारोबार है। युवती शिक्षित है लेकिन मानसिक रूप से अस्थिर है। अधिकारी ने बताया कि मुंबई यातायात पुलिस के व्हॉट्सएेप पर शनिवार को किसी अज्ञात नंबर से एक संदेश आया, जिसमें धमकी दी गई कि अगर आदित्यनाथ ने 10 दिन के भीतर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया तो उन्हें राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। जांच में पता चला कि फातिमा ने यह संदेश भेजा था। मुंबई एटीएस ने उल्हासनगर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में युवती का पता लगाया और उसे हिरासत में ले लिया।




प्रयागराज में होने वाले कुंभ मेले के लिए नगर प्रवेश करते किन्नर अखाड़े के सदस्य।

# सांप्रदायिक नीतियों की वजह से लोस में घटी भाजपा की सीटें

### अरशद मदनी का दावा



■ जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष ने संविधान बचाओ सम्मेलन' को किया संबोधित

■ कहा, भाजपा ने टीडीपी एवं जनता दल (यू) की बैसाखी के सहारे बनाई सरकार

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने रविवार को यहां दावा किया कि भाजपा अपनी राजनीति और सांप्रदायिक नीतियों की वजह से लोकसभा चुनाव में बहुमत का आकंड़ा नहीं छू पाई , और टीडीपी एवं जद(यू) की बैसाखी से वह सरकार बना पायी।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'संविधान बचाओ सम्मेलन' को संबोधित करते हुए मदनी ने कहा, मुस्लिम बाहर से नहीं आए है, बल्कि इस देश के मूल निवासी है और यहां रहने वालों की पहचान मजहब की बुनियाद पर नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा, अगर हिंदू गुर्जर, जाट एवं राजपूत है तो मुस्लिम भी गुर्जर, जाट और राजपूत है तथा कश्मीर में तो मुस्लिम भी ब्राह्मण है।

मदनी ने कहा, हम इस मुल्क के रहने वाले है। कोई इस मजहब को मानने लगा तो कोई दूसरा मजहब मानने लगा, क्या मजहब की बुनियाद पर हमें इस जीने का हक नहीं देंगे? स्वतंत्रता से पूर्व कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं (मोतीलाल नेहरू और जहवारलाल नेहरू) ने जमीयत को आश्वासन दिया था कि आज़ादी के बाद मुल्क धर्मनिरपेक्ष रहेगा तथा मुसलमानों को उनके धार्मिक एवं सांस्कृतिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा, लेकिन उत्तराखंड में भाजपा की सरकार, समान नागरिक संहिता लेकर आई। इसका मकसद मुसलमानों को उनके मजहब से दूर करना तथा सरकार निजी मामलों को लेकर जो कानून बनाए, उनका पालन कराना है। उन्होंने कहा, यह किस बात की धर्मनिरपक्षेता है? आपकी (भाजपा की) सरकार का बुनियादी मकसद यह है कि मुसलमान को उसके मजहब से दूर किया जाए। मदनी (81) ने भाजपा पर सांप्रदायिक राजनीति और नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो भाजपा 2014 में प्रचंड जनादेश के साथ सत्ता में आई थी और ऐसा लग रहा था कि सारे अन्य दलों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

जमीयत प्रमुख ने कहा, 10 साल में भाजपा ने जिस नीति को अपनाया है, यह उसी का नतीजा था कि इस बार लोकसभा में भाजपा की सीटें कम हो गई। अगर तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जदयू के नीतीश कुमार की बैसाखी नहीं होती तो भाजपा केंद्र में सरकार नहीं बना सकती थी। इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणियों को लेकर मदनी ने कहा, शांति भंग करने के इरादे से इस तरह की टिप्पणियां करना भारत के कानून के खिलाफ है और यह सांप्रदायिकता है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक उपेन्द्रसिंह राठौड़, अम्बर ऑफसेट प्रा.लि। डीएल टॉवर, 3ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित एवं एफ 66, सुन्दर मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित, 0141-4006019, 99280-96524, पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार अनिल मलिक (सहसंपादक) 8696750000, पंकज गर्ग (प्रबंधक संपादक) 01482-455184, 9214417111